

प्रेरणास्त्रोतः स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंकः 107 पृष्ठः 08, मूल्यः रू. 1.00 शनिवार, 15 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर अग्रसरः ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ने हरियाणा विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**हरियाणा वाटिका/अमूल्या**

**चंडीगढ़।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। चाहे ढांचागत विकास की बात हो, सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य की बात हो, आज हर क्षेत्र में हरियाणा प्रगति कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष आज यहां हरियाणा विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा, विधानसभा सदस्य श्री बी.बी. बत्रा उपस्थित रहे।

ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को दोनों लोकतांत्रिक संस्थाओं - लोकसभा व विधानसभा का लंबा अनुभव है, और वे अपने अनुभव से हरियाणा विधानसभा को संसद की मयार्दा के अनुरूप चलाने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**हरियाणा ने विरासत के साथ विकास का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वो अन्य राज्यों को देता है दिशा**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत के साथ-साथ खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरता का गौरवशाली इतिहास रहा है। छोटा सा राज्य होने के बावजूद भी हरियाणा ने सदैव देश दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हरियाणा की धरा से ही



भगवान श्री कृष्ण ने कर्म का संदेश दिया था। हरियाणा विधानसभा की भी एक विरासत रही है और विरासत के साथ विकास का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह अन्य राज्यों को दिशा देता है। विकास की इस यात्रा में विधायकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता ने भरोसे और विश्वास के साथ विधायकों को सदन में चुनकर भेजा है और यह खुशी की बात है कि 40 विधायक पहली बार चुनकर हरियाणा विधानसभा के सदस्य बने हैं। विधायकों पर जनता की अपेक्षाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने का दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य के रूप में विधायक केवल एक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ही नहीं करते, बल्कि वे पूरे राज्य का नेतृत्व करते हैं।

**सभी राज्यों की विधानसभाओं का एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा डिजिटल रिकॉर्ड**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक प्रभावी कानून बनाते समय पिछले सत्रों में हुई चर्चा, संवाद और डिबेट का भी अध्ययन करने की आवश्यकता है। इसलिए यह प्रयास किया जा रहा है कि पिछली विधानसभा में कानून बनाते समय नीति निर्माण, योजनाओं के समय जो भी चचाएं, संवाद हुआ है, उनका एक डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। सभी राज्यों की विधानसभाओं का यह डिजिटल रिकॉर्ड एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध होगा, जिसका सभी सदस्य अध्ययन कर सकते हैं और अपने सार्थक सुझाव दे सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्ट बनाते समय सदस्यों के सकारात्मक सुझाव होने चाहिएं। कई बार ड्राफ्ट में कमी रहने के कारण सरकार की कार्यप्रणाली और




जनता पर इसका प्रभाव पड़ता है, इसलिए ये प्रारूप सदस्यों को परिचालित होने चाहिए, ताकि सदस्यों के अनुभव से उसे और बेहतर बनाया जा सके।

**लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और सक्रियता से शासन पालिका में आएगी पारदर्शिता**

ओम बिरला ने कहा कि राज्य की विधानसभाओं में नीति निर्माण, योजनाओं पर व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। राज्य के मुद्दों का अध्ययन होना चाहिए। निर्वाचन क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को जितना प्रभावी ढंग से विधानसभा में उठाया जा सकता है, उतना ही सकारात्मक परिवर्तन आएगा। चाहे संसद हो या विधानसभा, ये लोकतांत्रिक संस्थाएं एक ऐसा मंच है, जिससे सरकार को हर क्षेत्र और हर वर्ग की समस्याओं की जानकारी मिलती है। सरकार इस जानकारी को सकारात्मक रूप से लेकर एक बेहतर सरकार चला सकती है। लोकतंत्र में जनता की जितनी भागीदारी और सक्रियता होगी, उतनी ही शासन पालिका में पारदर्शिता आएगी और कार्यपालिका पर नियंत्रण होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार और विधान मंडलों द्वारा बनाए गए कानून, नीतियों और योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर सही ढंग से हो रहा है या नहीं, यह एक जनप्रतिनिधि बेहद अच्छे ढंग से बता सकता है। विधानसभा में जितनी बेहतर समीक्षा होगी उतना ही शासन बेहतर चलेगा और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि एक अच्छा विधायक वही होता है जो सदन के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के साथ-साथ सदन की कार्यवाही में सार्थक चर्चा भी करे। उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में कई चुनौतियां और कठिनाइयां आएंगी, जिनका समाधान इन्हीं विधान मंडलों से निकलेगा। आज सूचना प्रौद्योगिकी का युग है हमें नई-नई इनोवेशन के साथ सदन में सार्थक संवाद करना चाहिए, जिससे जनता के कल्याण की दिशा का मार्ग प्रशस्त हो सके।

**भारत ने दुनिया को दिखाया - लोकतांत्रिक व्यवस्था शासन चलाने की सर्वोच्च पद्धति**

ओम बिरला ने कहा कि पक्ष- विपक्ष लोकतंत्र की ताकत है और भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था शासन को चलाने की सर्वोच्च पद्धति है। विविधताएं होने के बावजूद हमें साथ जोड़ने का कार्य इन लोकतांत्रिक पद्धतियों ने ही किया है।

उन्होंने कहा कि विधान मंडलों में सार्थक चचाएं करने से ही नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और सभी सदस्यों को इस दिशा में सोचना होगा कि विधान मंडलों का जनता के कल्याण के लिए कैसे बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए सदस्य वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों से ज्ञान प्राप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लगातार प्रयास कर रहे हैं कि सदन की कार्यवाही सार्थक रूप से चले और संसदीय प्रणालियां मजबूत हों।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में बजट से पहले बजट पूर्व बैठकें कर विधायकों व अन्य हितधारकों से सुझाव लिए जाते हैं और उनके अनुरूप योजना व नीतियों का निर्माण किया जाता है

। उन्होंने कहा कि संसदीय समितियां यह आकलन करती है कि बजट में जो प्रावधान और आवंटन किया गया है, उससे जनता के सामाजिक व आर्थिक जीवन में क्या बदलाव आया है। इसलिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि बजट के बाद संसदीय समितियां में अधिक से अधिक व्यापक चर्चा की जानी चाहिए ताकि बजट के प्रभावों का आकलन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस 2 दिन के कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विधायी कार्यों को समझने और उन्हें और बेहतर बनाने की जानकारी सभी सदस्यों को मिलेगी जिससे जनता का निर्वाचित सदस्यों के प्रति विश्वास व भरोसा और मजबूत होगा।

## रूस ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर हमला किया

**कीव/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**रूस ने** यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रात को ड्रोन हमला किया। इससे संयंत्र की एक इकाई में आग लग गई। यह दावा आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट पर किया। उन्होंने कहा कि रूस ने रात भर तबाही मचाई। जेलेंस्की ने याद दिलाया कि 1986 में चेर्नोबिल में दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु हादसा हुआ था। इसके चार रिएक्टर में अचानक हुए विस्फोट से हड़कंप मच गया था। इसलिए इन रिएक्टर को अब सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है। इसका मकसद विकिरण को रोकना है। रूस के ड्रोन हमले में संयंत्र की नष्ट हो चुकी बिजली इकाई के प्लांट को निशाना बनाकर आग के गोले में बदल दिया। हालांकि अब आग बुझा दी गई है।राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि अच्छी बात यह है कि परमाणु रिएक्शन का स्तर नहीं बढ़ा है। हमले के बाद लगातार निगरानी की जा रही है। शुरूआती आकलन में काफी नुकसान हुआ है। दुनिया दखल दे। रूस दुनिया का इकलौता देश है जो इस तरह के स्थलों पर हमला करता है। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कब्जा करता है। उन्होंने कहा कि रूस ने संयंत्र की नष्ट हो चुकी चौथी बिजली इकाई पर विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले आश्रय पर हमला किया है। इस आश्रय का निर्माण यूक्रेन ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों और अमेरिका के साथ मिलकर किया था। यह आश्रय मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि रूस हर रात यूक्रेन के बुनियादी ढांचे और शहरों पर ऐसे हमले करता है।

## अगले हफ्ते नए मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा संभव

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति अगले सप्ताह की शुरूआत में बैठक कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की 18 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पहले समिति की बैठक रविवार या सोमवार को हो सकती है।

## 'पुलिस अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि धाराओं का दुरुपयोग न हो'

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के महाराष्ट्र में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप एक आदर्श डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन की व्यवस्था बनाए। उन्होंने कहा कि 7 साल से अधिक सजा के मामलों में 90




प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि हासिल करने के प्रयास किए जाएं और पुलिस, सरकारी वकील एवं न्यायपालिका मिलकर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने का प्रयास करें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशवासियों को त्वरित व पारदर्शी न्याय प्रणाली देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना जरूरी है, इसलिए एफआईआर दर्ज करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। गृह मंत्री ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग के मामलों की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि इन अपराधों से जुड़ी धाराओं का दुरुपयोग न हो।

## यूसीसी का क्रियान्वयन संविधान की सर्वोच्चता को खत्म करने का प्रयास : अरशद मदनी

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के खिलाफ जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से उत्तराखंड हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका पर जमीअत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने अदालत में आज के कानूनी घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत जैसे महान लोकतांत्रिक देश में धर्मनिरपेक्ष संविधान के अस्तित्व के बावजूद जिस तरह से यह कानून लाया गया है, वह पक्षपातपूर्ण और पूर्वाग्रह का प्रकटीकरण है। मदनी ने कहा कि संविधान के कुछ प्रावधानों का हवाला देकर जिस तरह से



जनजातियों को इस कानून से अलग रखा गया है, वह इस बात का प्रमाण है कि यह कानून मुसलमानों की सामाजिक और धार्मिक पहचान को कमजोर और नष्ट करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान में अल्पसंख्यकों को विशेष अधिकार भी दिए गए हैं, लेकिन उनका ध्यान नहीं रखा गया है। इतना ही नहीं, संविधान में आम नागरिकों को भी मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं।

इसलिए यह कानून नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। मौलाना मदनी ने कहा कि आज की शुरूआती सुनवाई में हमारे वकील ने जो बिंदु अदालत के सामने रखे वह बहुत ही संतोषजनक हैं। कुछ न्यायप्रिय दूसरे समुदाय के लोगों ने भी इसके खिलाफ याचिकाएं दायर की हैं, जिसमें उन्होंने भी भेदभाव, पूर्वाग्रह और मौलिक अधिकारों का मुद्दा उठाया है। इसलिए हमें उम्मीद है कि एक अप्रैल को इस पर न केवल सकारात्मक चर्चा होगी बल्कि अदालत इस पर स्टे दे देगी। क्योंकि ऐसा कानून न केवल संविधान की सर्वोच्चता को कमजोर करता है।

## गौरव गोगोई की पत्नी के आईएसआई से जुड़े हैं तारः भाजपा



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**भारतीय जन**ता पार्टी ने एक बार फिर आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कॉलबर्न के तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ जुड़े हैं। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस को इस पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। अजय आलोक ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गौरव गोगोई की गौरव गोगोई की शादी 2013 में एलिजाबेथ से हुई, जो पूर्व में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित अली तौकीर शेख के साथ काम कर चुकी हैं।

ये सेनेटर थोम के साथ भी काम कर चुकी हैं, जिनका जॉर्ज सोरोस से नजदीकी संबंध है। कांग्रेस को इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। अजय आलोक ने कहा कि गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ की भाभी कैरिटास नाम के संगठन से जुड़ी हुई हैं। इस संगठन पर भारत में धर्मांतरण करने का आरोप लगता है। इनको फंड यूएसएड से मिलता है, जो डीप स्टेट का हिस्सा है। गौरव गोगोई लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता हैं। भारत में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और खड़गे इनके अध्यक्ष हैं, तो इन्हें सामने आकर जवाब देना चाहिए कि एलिजाबेथ की संलिप्तता क्या है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से



**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेंगी। ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) बोर्ड परीक्षार्थियों को स्टेशन में प्रवेश के दौरान सुरक्षा जांच और टिकट खरीदने में प्राथमिकता देगी।डीएमआरसी ने शुक्रवार को बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय शुरू किए गए हैं। लगभग 3.30 लाख विद्यार्थी और हजारों स्कूल कर्मचारी पूरी दिल्ली में आवागमन करेंगे, इसलिए परीक्षा के दिनों में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए डीएमआरसी सीआईएसएफ के साथ साझेदारी में मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपायों को लागू कर रहा है।

**मेट्रो स्टेशनों पर छात्र-हितैषी उपायः** मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान सीबीएसई एडमिट कार्ड लेकर आने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

टिकट ऑफिस मशीन (टीओएम) और कस्टमर केयर (सीसी) केंद्रों पर टिकट खरीदते समय भी अपने एडमिट कार्ड दिखाने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। डीएमआरसी के कर्मचारियों ने स्कूलों का दौरा किया।

## अदालत विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोर्ट विधायिका को** किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये टिप्पणी किसी आपराधिक मामले में चार्जशीट पर संज्ञान लेते समय शिकायतकर्ता या पीड़ित को नोटिस जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए की। कोर्ट ने कहा कि संसद ने हर पहलू पर सोच समझकर नया कानून बनाया है। रिट याचिका में न तो हाई कोर्ट और न ही सुप्रीम कोर्ट विधायिका को ये आदेश दे सकती



है कि वो कानून को खास तरीके से बनाएं। याचिका में मांग की गई थी कि निचली अदालतें और पुलिस चार्जशीट की प्रति शिकायतकर्ता या पीड़ित को मुफ्त में उपलब्ध कराए। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 230 के तहत अगर पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर केस नियोजित किया जाता है तो मजिस्ट्रेट और पुलिस आरोपित और पीड़ित दोनों को मुफ्त में चार्जशीट और दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध कराते हैं।

तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की धारा 230 शिकायतकर्ता या पीड़ित के सुने जाने के अधिकार का कोई जिक्र नहीं है। याचिका में मांग की गई है जिला अदालतें किसी चार्जशीट पर संज्ञान लेते समय शिकायतकर्ता या पीड़ित को नोटिस जारी कर उनका भी पक्ष पूछे।

## आरबीआई का न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध, बैंक के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को मुंबई स्थित न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए भंग कर दिया है। आरबीआई ने बैंक के संचालन के लिए नया प्रशासन नियुक्त किया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पैसे निकालने, जमा करने, लोन देने और किसी प्रकार के लिए लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे बैंक के ग्राहक परेशान और नाराज दिखे। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने खराब प्रशासन के लिए न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल में फेरबदल किया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि एसबीआई के पूर्व प्रबंधक श्रीकांत को बैंक का प्रबंधन करने और जमाकताओं के हितों की रक्षा करते हुए निकासी और नए ऋण पर रोक लगाने सहित प्रतिबंधों के माध्यम से मार्गदर्शन करने के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया है।

## आपसी रंजिश में मारपीट व गोली चलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 14 फरवरी।** दिनांक 11.02.2025 की शाम को तीन आरोपियों द्वारा थाना शहर करनाल क्षेत्र में चार चमन में स्थित एक कोरियर की दूकान पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई व उस पर गोली चलाई गई थी। जिसकी सुचना पर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और कोरियर आफिस के मालिक की शिकायत पर थाना शहर करनाल में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस की क्राइम युनिट सी.आई.ए-2 इन्चार्ज निरीक्षक प्रवीन कुमार को जांच सौंपी गई। जिन्होंने स.उप निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में टीम का गठन कर आरोपी अक्षित उर्फ अक्शु पुत्र विरेन्द्र सिंह वासी वार्ड नं.-15, करनाल, अभिषेक उर्फ भोलू और दीपक देशवाल पुत्रान निरंकार वासीयान गली नं.-14, कर्ण विहार, करनाल को गिरफतार किया गया। इस संबंध में सी.आई.ए-02 प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ पर आरोपीयों ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने उक्त वारदात को अंजाम दिया था और आरोपीयों से वारदात में प्रयोग हथियार बरामद करने के लिए आज सभी आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

## रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगी भाजपा, नगर निगम चुनाव में फिर से खिलेगा कमल: जगमोहन आनंद

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 14 फरवरी।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस बार के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी और फिर से ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि करनाल नगर निगम चुनाव में एक बार फिर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी। आज हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है तभी मेयर और सभी 20 वार्डों में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, प्रदेश में अभी डबल इंजन की सरकार चल रही है और नगर निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यो की गति प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोकसभा और विधानसभा चुनाव में करनालवासियों का भाजपा को समर्थन मिला है, उसी भांति नगर निगम चुनाव में भी जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जन-कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनानें का काम किया गया है। जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक ने कहा कि करनाल विधानसभा मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार मे किसी प्रकार की कोई नही रहने दूगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है और युवा अपनी पढ़ाई के बलबूते पर तथा कड़ी मेहनत से पारदर्शिता से नौकरी प्राप्त कर रहे है।

विधायक जगमोहन आनंद ने अपने कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने लोगों की समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए।

## खेतों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 14 फरवरी।** जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी बर्गलरी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर दिनांक 10.02.2025 को मेहता फार्म करनाल के पास से तीन आरोपीयों नसीब पुत्र सुभाष वासी गांव पधाना, रवि कुमार पुत्र जसबीर वासी गांव सैदपुरा और हर्ष उर्फ आशु पुत्र रणधीर वासी गांव अब्दुलापुर को गिरफतार किया गया। जिन्होंने पुलिस पुछताछ पर खेतों में टयुब्वलों से तार चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया। इस संबंध में टीम के इन्चार्ज निरीक्षक सतबीर सिंह ने बताया कि सभी आरोपीयों को माननीय अदालत से पुलिस रिमांड पर लिया गया व दौराने रिमांड उनके कब्जे से दो वारदातों में चोरी 40 फुट व 105 फुट बिजली तार बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में उनका एक साथी पहले ही गिरफतार होकर जेल जा चुका है जो जांच के दौरान नाबालिग पाया गया था। आज आरोपीयों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें पुनः माननीय अदालत के सामने पेशकर न्यायीक हिरासत में भेजा जाएगा।

## जाट संस्था के उप प्रधान का फिर संभालेंगे धर्मराज, सोसाइटी रजिस्ट्रार जनरल हरियाणा का नया फैसला

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**महम, 14 फरवरी।** जाट संस्था के उप प्रधान पद पर फिर से धर्मराज बेरवाल का कब्जा होगा। स्टेट रजिस्ट्रार के फैसले में संस्था के उप प्रधान एवं खेड़ी महम के पूर्व में सरपंच रहे धर्मराज को अयोग्य घोषित करते हुए उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। उसके खिलाफ धर्मराज ने सोसाइटी रजिस्ट्रार जनरल हरियाणा का दरवाजा खटखटाया था। धर्मराज ने बताया कि सोसाइटी रजिस्ट्रार जनरल हरियाणा ने फैसले को पलटते हुए उनको योग्य करार दिया है । बताया कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 16 सितंबर 2016 को धर्मराज को धारा 333 का दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इसी को आधार मानते हुए स्टेट रजिस्ट्रार द्वारा शिक्षण संस्था के उप प्रधान धर्मराज को दो वर्ष की सजा भुगतने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया था। स्टेट रजिस्ट्रार की ओर से जिला रजिस्ट्रार को इस पद के लिए दोबारा चुनाव कराने के आदेश दिए गए थे। लेकिन सोसायटी रजिस्ट्रार जनरल हरियाणा द्वारा उनको राहत देते हुए स्टेट रजिस्ट्रार का फैसला पलटते हुए धर्मराज के पक्ष में फैसला दिया है।

## सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम अग्रवाल धर्मशाला में 16 को

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** सोशल आगेर्नाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा तीसरा वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम 16 फरवरी को होगा, जिसकी भव्य तैयारियां की जा रही हैं। सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मॉडल टाऊन में सदस्य जितेंद्र सेठी के निवास पर बैठक हुई, जिसका संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल ने किया। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में म्यूजिकल ग्रुप गाता रहे मेरा दिल द्वारा 16 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम को लेकर सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई। स्वर कोकिला लता मंगेशकर और पार्श्वगायक व संगीतकार बप्पी लहरी की स्मृति में यह कार्यक्रम रविवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में दोपहर बाद 3 से सायं 6 बजे तक होगा। इस दौरान उपाध्यक्ष अनुज गौड़, वरिष्ठ पदाधिकारी गुलशन ग्रोवर, डॉ.संजय शर्मा, जितेंद्र सेठी, पंकज शर्मा, श्याम जुनेजा, अमरजीत पांचाल, राकेश कंसल, नितिन सिंगला, गगनदीप ढींगरा और ललित चावला आदि शामिल रहे।

# वेलेंटाइन डे पर महिला सुरक्षा को लेकर सतर्क रही पुलिस टीमें

### पुलिस टीम ने महिलाओं व लड़कियों को किया जागरूक

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**

**कैथल, 14 फरवरी।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत कैथल पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार महिलाओं व छात्राओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग व जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। जिसके तहत वेलेटाइन डे के अवसर पर भी डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में महिला थाना एसएचओ एसआई रेखा, ट्रैफिक एसएचओ एसआई राजकुमार व महिला पुलिस की अलग-अलग टीमें शहर के अनेक स्थानों पर जाकर लड़कियों, महिलाओं से मिली तथा उन्हे सुरक्षा का एहसास



करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा लड़कियों व महिलाओं असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के संबंध में जागरूक भी किया गया। उन्हे समझाया गया कि आते-जाते कोई उनका पीछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस आपके पास तुरंत पहुंचेगी, आपको किसी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। इस दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं व छात्राओं को सूचना देने के लिए नंबर भी बताए गए। इस दौरान मनचलो को भी कड़ी चेतावनी दी गई, अगर कोई गलत गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है जिससे सामाजिक माहौल खराब होता है तो पुलिस द्वारा उसे कानूनी कार्रवाई के अंतर्गत सबक सिखाया जाएगा।

## पुलवामा के अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन, राष्ट्र उनका सदैव ऋणी रहेगा : समाजसेवी

**हरियाणा वाटिका/राहुल**

**सीवन, 14 फरवरी।** 14 फरवरी 2019 का दिन भारतीय इतिहास में वीरता और बलिदान की एक अमिट गाथा के रूप में दर्ज हो गया, जब जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए। यह हमला तब हुआ जब 78 वाहनों का काफिला जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था और जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को एक बस से टकरा दिया, जिससे भीषण विस्फोट हुआ और हमारे वीर जवान शहीद हो गए। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया और हर नागरिक का हृदय आक्रोश व शोक से भर गया। इस अवसर पर समाजसेवी व अधिवक्ता अनिल सैनी, इंजीनियर व समाजसेवी शुभम कथूरिया, समाजसेवी गोल्डी



बंसल, समाजसेवी राजन मेहता व समाजसेवी विजय सरदाना ने शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, वे सदा अमर रहेंगे और उनकी कुबार्नी हमें देश की रक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह साबित कर दिया कि राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि है और उनके इस बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। पुलवामा हमले के बाद देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई और सरकार ने आतंकियों को करारा जवाब देते हुए 26 फरवरी 2019 को बालाकोट एयरस्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट्र कर दिया। यह कार्रवाई देश के साहस और शक्ति का प्रतीक बनी। समाजसेवियों ने यह भी कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपना योगदान दे और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा हो। इन वीर जवानों का बलिदान आने वाली पीढि?ों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

यह घटना हमें सिखाती है कि देश की सुरक्षा में कोई भी ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए और हर नागरिक को सतर्क रहना चाहिए। समाजसेवियों ने कहा कि शहीदों के परिवारों को समाज से निरंतर सहयोग और सम्मान मिलना चाहिए ताकि वे गर्व से कह सकें कि उनके प्रियजन राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान देकर अमर हो गए। पुलवामा के शहीद केवल सैनिक नहीं थे, वे भारत माता के वे सपूत थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हमें सदैव उनकी कुबार्नी का सम्मान करना चाहिए और उनकी शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए देशहित में कार्य करते रहना चाहिए।

## सरकार के पास रोजगार, लेकिन नहीं दिखाई दे रही बेरोजगारी : सुल्तान जडौला

### कहा : भाजपा 2 लाख खाली पदों पर भर्तियां कर युवाओं को रोजगार दें

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**



**कैथल, 14 फरवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि भाजपा सरकार के पास रोजगार है पर उसे बेरोजगारी दिखाई नहीं दे रही है, सरकारी विभागों में करीब दो लाख पद खाली पड़े है सरकार इन पदों पर नियुक्तियां कर युवाओं को रोजगार देकर उन्हें भटकने से रोक सकती है। सरकार रोजगार मुहैया करवाने के मात्र दावे कर युवाओं के हितों से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी अनेक समस्याएं पैदा करती है, रोजगार मिलेगा तो परिवारों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। हरियाणा सरकार को सबसे पहले रोजगार देने की ओर ध्यान देना होगा। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि चुनाव से पहले हरियाणा में 70 प्रतिशत लोग बी.पी.एल. श्रेणी में आ गए यानि इन परिवारों को वे सारी सुविधाएं दी जा रही थी जो एक बी.पी.एल. परिवार को मिलती है। अब सरकार की ओर से आंकडे पेश किए गए कि एक माह में 23 हजार परिवार बी.पी.एल. श्रेणी से निकलकर अमीर श्रेणी में शामिल हो गए, एक माह में ऐसा क्या हुआ कि 23 हजार परिवार अमीर हो गए।

निर्धन परिवारों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें सक्षम बनाया जा सकता है ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि सरकार को सबसे पहले रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में कदम उठाना चाहिए, समाज का अगर कोई व्यक्ति बहुत ही कमजोर है तो उसकी मदद की जा सकती है। सरकार को ऐसी योजनाएं तैयार करनी चाहिए कि उसका सीधा लाभ पात्र व्यक्ति को मिले। सरकार शिक्षित बेरोजगार को रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में कदम उठाते हुए रिक्त पड़े पदों पर पक्की भर्तियां करें।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों को सस्ती जमीन दे सरकार : गर्ग

### कहा, हरियाणा में व्यापार व उद्योग बढने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 14 फरवरी।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में व्यापार मंडल कोर कमेटी की मीटिंग हुई। इस बैठक में हरियाणा के आगामी वार्षिक बजट पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में बजरंग गर्ग ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग कि है की हरियाणा के अगामी वार्षिक बजट में सरकार को व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों को सस्ती जमीन देनी चाहिए। सरकार नए उद्योगों को



बजट में एसजीएसटी में 10 साल तक के लिए छूट देनी चाहिए। सरकार को गांव स्तर पर लघु उद्योग लगाने पर 25 लाख रुपए तक बिना ब्याज लोन देने का नियम बनाना चाहिए। गर्ग ने कहा कि पिछली सरकार ने सब्जी व फलों पर हरियाणा में मार्केट फीस समाप्त की थी मगर हरियाणा में भाजपा सरकार बनने फिर से प्रदेश मार्केट फीस लगा दी गई। सरकार को अगामी वार्षिक बजट में सब्जी व फलों पर से पहले की तरह मार्केट फीस समाप्त करनी चाहिए। प्रदेश में किसी भी व्यापारी व उद्योगपतियों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसके नुकसान की भरपाई करने का नियम बनाया जाए जबकि हरियाणा में हर रोज व्यापारी व उद्योगपतियों की दुकान व फैक्ट्री में आगजनी होती रहती है। गर्ग ने कहा कि हरियाणा में व्यापार व उद्योग बढ? से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और हरियाणा पहले से ज्यादा तरक्की करेगा और सरकार को पहले से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होगी। व्यापार मंडल का हमेशा यह नारा रहा है कि टैक्स घटाओ राजस्व बढ़ाओ और बेरोजगारी हटाओ।

## थानेसर नगर परिषद चेयरपर्सन के लिए रेखा वाल्मीकि ने भी ठोंकी ताल

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन पद को लेकर सरगर्मियां जोरों पर है। इस बार यह पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हैं। चुनाव लड़ने के चाहवानो में सबसे बड़ी लिस्ट भाजपा में हैं। हालांकि यह भी तय है कि भाजपा जिसे भी यहां से उम्मीदवार घोषित करेगी, पार्टी से जुड़े सभी लोग उसी का समर्थन करेंगे। सूत्रों की माने, तो भाजपा में इस समय करीब आधा दर्जन महिला प्रत्याशी टिकट के जुगाड़ में है। इसी बीच पिछले 20 वर्षों से भाजपा के प्रति समर्पित होकर कठिन परिस्थितियों में भी अपना कार्य करती आ रही महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश सचिव रेखा




वाल्मीकि ने भी थानेसर नगर परिषद चेयरपर्सन के लिए ताल ठोंक दी है। वे स्वयं को भारतीय जनता पार्टी में सबसे मजबूत प्रत्याशी मानती है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने जब भी, कहीं पर भी उनकी ड्यूटी लगाई, उन्होंने पार्टी को समर्पित होकर और देश के यजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के आदर्श मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्य किया है। यदि नगर परिषद थानेसर के चुनाव में पार्टी का आदेश रहा, तो वे यहां से चेयरपर्सन का चुनाव अवश्य लड़ेगी। धरातल पर आमजन से जुड़ी महिला नेत्री रेखा वाल्मीकि इस आरक्षित सीट पर विशेष स्थान रखती है। सभी वर्गों के साथ भाईचारा और दलित समाज में विशेष स्थान रखने वाली यह महिला नेत्री अपने परिवार की चिंता न करते हुए पार्टी के प्रति समर्पित है। रेखा वाल्मीकि के पति का साया सिर से उठने के बावजूद भी वे अपने परिवार की जिम्मेदारियां को निभाते हुए पार्टी के प्रति समर्पित होकर अपना काम करती है। अब भाजपा किस प्रत्याशी को आशीर्वाद देकर मैदान में उतारेगी, सभी की नजर इस पर टिकी हैं।

## नगर निकाय चुनाव : ईवीएम मशीनों एवं पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 14 फरवरी।** नगर निकाय चुनाव के लिए ईवीएम मशीनों एवं पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव व राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहे। शुक्रवार को वीसी रूम में रेंडमाइजेशन में बैलेट यूनिट और कंट्रौल यूनिट का चयन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि नगर निगम हिसार व नगर पालिका नारनौंद चुनाव के लिए कुल 254 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चुनाव के लिए बीयू और सीयू की संख्या मतदान केन्द्रों की संख्या के 20 प्रतिशत रिजर्व तय किया गया। इस प्रकार 305 पोलिंग पार्टियों हेतु कुल 1220 लोगों की ड्यूटी प्रशिक्षण हेतु लगाई गई है। उन्होंने बताया कि ईवीएम मशीनों की फस्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एफएलसी में यह तय किया जाता है कि कौन-कौन सी ईवीएम मशीनें पूरी तरह से ठीक हैं। चुनावों के लिए प्रयुक्त मशीनों के चयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। बैठक में नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, नगर पालिका नारनौंद के रिटर्निंग अधिकारी एवं नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरी राम, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान, जिला सूचना अधिकारी दीपक भारद्वाज, एडीआईओ ज्योति, भाजपा प्रतिनिधि कृष्ण बिश्नोई, बसपा प्रतिनिधि नानक देव, सीपीआईएम प्रतिनिधि दिनेश सिवाच उपस्थित रहे।

## डीसी ने ली सभी कॉलेज के प्रिंसिपल की बैठक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 14 फरवरी।** युवाओं को बेहतर उच्चतर शिक्षा देने के लिए हरियाणा सरकार ने 10 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला है। ऐसे में सभी कॉलेज प्रिंसिपल इनके भवन के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देना सुनिश्चित करें। कहीं कोई कमी है तो तुरंत अपने मुख्यालय से संपर्क करें। ये निर्देश उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में जिला के सभी 15 कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ हुई बैठक में दिए।

डीसी ने सरकार की ओर से लागू की गई नई शिक्षा नीति पर भी विस्तार के साथ बातचीत की तथा इस संबंध में फीडबैक लिया।

सभी कॉलेज प्रिंसिपल ने अपनी समस्या उपायुक्त के सामने रखी। डीसी ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेज में भवन निर्माण का कार्य अधूरा है वहां अपने मुख्यालय से संपर्क करके बजट आदि की व्यवस्था करवाएं। डीसी ने कहा कि किसी भी कॉलेज में बिजली पानी से संबंधित कोई समस्या है तो इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट दी जाए ताकि संबंधित विभाग से वह काम पूरा करवाया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कॉलेज की भूमि के रिकॉर्ड का इंतकाल करवाएं। भूमि की देखभाल करना संबंधित प्रिंसिपल की जिम्मेदारी होती है।

## नेट पेपर की तैयारी पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सिवानीमंडी, 14 फरवरी।** सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी महिपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की ओर से प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सत्यपाल सिंह के मार्गदर्शन व प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर नवीन की अध्यक्षता में युजीसी नेट के प्रथम पेपर की तैयारी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। चौधरी बंशीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय, तोशाम से मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सुरजीत सिंह ने उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की व विधार्थियों को नेट की परीक्षा की तैयारी के बारे विस्तार से जानकारी दी। स्नात्तकोत्तर कक्षाओं के विधार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार, डॉक्टर गीता रानी, डॉक्टर देवीलाल व डॉक्टर सुमन शर्मा भी एक्सटेंशन लेक्चर में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 'फाइनेंशियलीएवर आफ्टर' एचडीएफसी बैंक ने जोड़ों को पैसे के बारे में प्रोत्साहित करके वेलेंटाइन डे मनाया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**अंबाला/हिसार, 14 फरवरी।** वेलेंटाइन डे के अवसर पर भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने #फाइनेंशियलीएवरआफ्टर' जोड़ों को वित्तीय मामलों के बारे में शिक्षित करने के लिए एक अनूठा अभियान शुरू किया है। यह अभियान युवा जोड़ों को अपने पैसे को एक साथ प्रबंधित करने के विचार से परिचित कराता है - आधुनिक समय के रिश्तों का एक महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला पहलू। यह जेन जेड और युवा मिलेनियल जोड़ों को पैसे के मामलों को एक साथ नेविगेट करने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। बैंक ने एक समर्पित माइक्रोसाइट -बनाई है जिसमें एक इंटरैक्टिव #फाइनेंशियलीएवरआफ्टर' क्विज है, जो जोड़ों को मजेदार और जानकारीपूर्ण तरीके से अपनी वित्तीय अनुकूलता का आकलन करने में सक्षम बनाता है। क्विज वित्तीय निर्णयों के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रकट करता है, सहमति के साथ-साथ मतभेदों को भी सामने लाता है। वेबसाइट पर जानकारीपूर्ण वीडियो और लेख भी हैं, जो एक जोड़े के रूप में वित्त प्रबंधन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इन अवधारणाओं को बैंक के वित्तीय जॉकी एफजे मनीशा द्वारा समझाया गया है, जो वित्तीय शब्दावली को स्पष्ट करते हैं।

# जेईई मेन रिजल्ट 2025: पंचकूला में फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के 3 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**पंचकूला, 14 फरवरी।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन सेशन 1 2025 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिसमें चार राज्य टॉपर्स शामिल हैं। इनमें से एक छात्र ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है।पंचकूला में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ऐश्वर्या नंदी (99.84), असीस जोत सिंह (99.71) और नवदीप (99.41) शहर में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे। चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल



किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है इन छात्रों ने ढह के ऑफलाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन खएए और लक्ष्य खएए) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला।अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, ह्लसभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं।ह्लअप्रैल 2025 में आयोजित होने वाले जेईई मेन सेशन 2 की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए पीडब्लू निरंतर संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रहा है। उनकी तैयारी में सहायता के लिए फिजिक्सवाला ने मंज़िल 2.0 नामक निःशुल्क एवं संपूर्ण रिवीजन सीरीज शुरू की है, जो यु ट्यूब पर उपलब्ध है, जिससे छात्र कम समय में महत्वपूर्ण विषयों की दोबारा समीक्षा कर सकते हैं और अपनी तैयारी को मजबूत बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत जागरूकता कैंप आयोजित



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र कुमार**
**हिसार, 14 फरवरी।** स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अग्रोहा में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निदेर्शानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में लगाया गया।
वक्ताओं ने कैंप में छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई रखना बहुत जरूरी है। महिलाओं व छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी नैपकिन का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयोग के बाद सेनेटरी नैपकिन को खुले में नहीं फेंकना चाहिए, बल्कि इसे किसी पेपर में लपेट कर डिस्पोज ऑफ करना चाहिए। कैंप का आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जागरूकता कैंप के दौरान एमडीडी ऑफ इंडिया कैंप के द्वारा छात्राओं को नैपकिन भी वितरित किए गए। कैंप के दौरान छात्राओं को राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जागरूक किया गया।

## फसलों की पहरेदारी में कट रही किसानों की रातें, रात भर जागकर कर रहे छुट्टा पशुओं से रखवाली



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 14 फरवरी।** लोहारू व आसपास क्षेत्र में इस समय किसानों की रबी फसलें लहलहाने लगी है। गेहूं व सरसों की फसल इस समय पूरे यौवन पर है तथा सरसों फसल धीरे धीरे पकाव की ओर बढ़ रही है। ऐसे में किसानों को अपनी फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है वहीं उन्हें रातभर जागकर अपनी फसलों की पहरेदारी करनी पड़ रही है। किसान अपनी फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए रखवाली कर रहे है। किसानों के खेतों में झुंड के रूप में घुसने वाले ये छुट्टा पशु किसानों की फसलों को खेतों में घुसकर तहस नहस कर रहे है जिससे किसान परेशान नजर आ रहे है। गांव ढाणी टोडा, गिगनाऊ, फरटिया केहर, ढाणी रहीमपुर, सोहासड़ा, फरटिया ताल, ढाणी श्यामा सहित सभी गांवों में छुट्टा पशुओं की दिन-प्रतिदिन बढ़ती संख्या किसानों के लिए बड़ी आफत बन गई है। इन पशुओं के झुंड जिधर से भी गुजरते हैं वहां खड़ी फसल को मिनटों में चौपट कर डालते हैं। इन पशुओं में सर्वाधिक संख्या विदेशी नस्ल की गाय व बछड़े की है। इनको अपने क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में धकेलने को लेकर किसानों के बीच आए दिन झगड़े भी होते रहते हैं। हालत ऐसी है कि किसान रात दिन खेतों में पहरा देते हैं और जरा सी लापरवाही होते ही ये पशु पूरी फसल का काम तमाम कर डालते हैं। गौरतलब है कि लोहारू क्षेत्र में नीलगाय पहले से ही किसानों के लिए बड़ी चुनौती रही है। अब छुट्टा गायों की बढ़ती संख्या ने तो किसानों का सुख चैन छीन लिया है। किसान जागेराम, ओमप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, जगदीश, भूपेंद्र, देवीलाल, राजबीर आदि किसानों ने बताया कि क्षेत्र के हर गांव में दर्जनों की संख्या में गाय बछड़े घूम रहे हैं जो मौका मिलते ही फसलों को अपना ग्रास बना लेते हैं। जब इन्हें खेत से बाहर निकालने का प्रयास किया जाता है तो ये इतने हिंसक है कि अकेले व्यक्ति पर तो ये हमला करने से भी पीछे नहीं हटते। वहीं किसान जब इन्हें अन्य क्षेत्रों में निकालने का प्रयास करते है तो दूसरे किसानों के साथ टकराव की नौबत पैदा हो जाती हैं। किसानों का कहना हैं कि गौशालाओं में जाकर सवामणी और केक काटकर फोटो खिंचवाने वाले तथा कथित गौ भक्तों को दर-दर ठोकरें खाता घूम रहा गोवंश नजर नहीं आता। किसानों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि गांवों में बेसहारा गोवंश के आश्रय का प्रबंध कर उन्हें गौशालाओं में भिजवाया जाए ताकि ये किसानों की फसलों को खराब न कर सके।

# भैंस खरीदने के नाम पर ठगों ने लगाया करोड़ों का चूना

## आरोपियों ने पशुपालक का विश्वास जीतने के लिए काफी समय किया खेल

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र कुमार**
**हिसार, 14 फरवरी।** जिले के बरवाला में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। भैंस खरीदने के नाम पर एक पशु पालक को करोड़ों का चूना लगाया है। ये ठगी इस कदर सुनियोजित तरीके से की गई कि पूरा इलाका सकते में है।
पीड़ित कैलाश सैनी ने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात गांव बधावड़ के कर्ण और बलजीत से हुई। इन्होंने कैलाश को दो बड़े व्यापारियों दिनेश और राकेश नरवाल से मिलवाया। शुरूआत में आरोपियों ने विश्वास जीतने के लिए 15 दिनों की उधार



पर दो भैंस खरीदीं और समय पर उनका भुगतान भी किया। धीरे-धीरे उन्होंने भुगतान अवधि को बढ़ाकर 40 दिन कर दिया और भैंस खरीदने के बाद नियमित रूप से पैसों का भुगतान करते रहे। उसने बताया कि एक दिन दिनेश ने कैलाश को 8 सौ भैंस खरीदने की बात कही। इनमें से 250 भैंस अकेले कैलाश से खरीदने का प्रस्ताव रखा। विश्वास में आकर कैलाश ने विभिन्न स्थानों से 40 दिन की उधार पर 138 भैंस खरीद लीं। इनकी कीमत 2 करोड़ 27 लाख 36 हजार रुपए थी। भुगतान का समय आने पर आरोपी व्यापारियों ने टालमटोल शुरू कर दी और पैसे देने से इनकार कर दिया।
कैलाश ने बताया कि उसके बाद वह आरोपियों के गांव रिजवाना में पंचायत लेकर पहुंचे। जहां पर दिनेश ने अपने भाई का एक चेक मुझे दे दिया। जब हम चेक लेकर बैंक में गए तो देखा कि चेक के ऊपर साइन ही नहीं हैं। उसके बाद वह दोबारा दिनेश के पास गया तो उन्होंने कहा कि हमने तो काफी लोगों के साथ ठगी कर रखी है। बरवाला में भी एक व्यक्ति ने हमारे द्वारा पैसे न देने पर आत्महत्या तक कर ली थी। आप हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। कैलाश ने पुलिस को बताया कि उसने जिन लोगों से भैंस खरीद कर व्यापारी को दी हैं, वह अब लगातार उस पर रुपए के लिए दबाव न रहे हैं। उसको अपनी जमीन गिरवी रखकर उनके पैसे लौटाने पड़ रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर लिया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# पर्यावरण की अलख जगाने के लिए निकली टीम

## आबकारी एवं काराधान विभाग के सेवानिवृत अधिकारी अनिल विश्नोई ने की शुरूआत

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र कुमार**
**हिसार, 14 फरवरी।** पर्यावरण व जीवों की रक्षा के लिए प्रकृति का न करे हरण आओ बचाओ पर्यावरण के मुद्दे को लेकर पर्यावरण चेतना मंच के अध्यक्ष व आबकारी कराधान विभाग के सेवानिवृत अधिकारी अनिल विश्नोई द्वारा सांरगपुर आदमपुर से गुरु जंभेश्वर महाराज के मंदिरों से आज यात्रा शुरू की गई है।
पर्यावरण चेतना मंच के अध्यक्ष अनिल बिश्नोई ने बताया कि इस यात्रा में 25 लोग शामिल है और यह यात्रा बीस फरवरी को नोखा मुकाम मुकित धाम में गुरु जंभेश्वर भगवान के मंदिर में पहुचेंगी।



इसका उद्देश्य लोगों को वन्य जीवों पर्यावरण के प्रति जागरुक करना है पैदल यात्रा के माध्यम से लोगों को नुक्कड़ सभाओं के जरिए जागरुक किया जाएगा। 1986 से 16 पैदल यात्रा कर चुके हैं इस वर्ष यह यात्रा 17वीं यात्रा है।यात्रा के माध्यम से लोगों को पौधे लगाने, पोलीथीन का इस्तेमाल न करने वन्य जीवो की रक्षा करने के बारे में जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से अब तक हजारो पौधे लगाए थे जो अब पेड़ बन चुके है। स्कूलों कालेजो में उनकी संस्था जागरुता अभियान चला रही है। यात्रा आदमपुर के सारंगपुर से चलेगी और आदमपुर से होते भादरा, सरदारशहर, डूंगरगढ़ से होते हुए मुक्ति धाम मुकाम नोखा बीकानेर पहुचेगी।
यात्रा में सहयोग व प्रेरणा उनकी धर्मपत्नी डा. शारदा, डा. आयुष, व अभी बिश्नोई का रहता है। पौन चार सौ किलोमीटर चलने वाली यात्रा में पंछी राम, अमर सिंह अजीत सुरजा राम सतपाल, रमेश रामस्वरूप, भगत राम मनोहर, रोहित, सुनील, पवन हनुमान रामकुमार, नरेंद्र परीक्षित शैलेंद्र सतीश अमरजीत ज्याणी, इंद्रपवार,रमेश, रामकुमार सहित चौबीस लोग शामिल है।

# नारायण सेवा संस्थान का राजधानी में नारायण आर्टिफिशियल लिम्ब कैम्प 16 फरवरी को

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नई दिल्ली, 14 फरवरी।** उदयपुर राजस्थान का प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिल्ली में दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल निःशुल्क शिविर का आयोजन रविवार 16 फरवरी को दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, सेक्टर-12,रोहिणी में आयोजित होगा।
संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबिसा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की दुःखभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। दिल्ली के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, सेक्टर-



12, रोहिणी में रविवार 16 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा।
प्रेस कांफ्रेंस में ट्रस्टी चौबिसा ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान का यह फ्री कैम्प विशेष है। इसमें दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक डॉक्टर्स टीम द्वारा देखा जाएगा और टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब का माप लिया जायेगा। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर निःशुल्क फिटमेंट करेगा। शिविर एवं दिल्ली आश्रम प्रभारी जतन सिंह भाटी ने बताया कि इस शिविर में आने वाले रोगीयों - परिजनों को निःशुल्क भोजन, चाय अल्पाहार दिया जाएगा। शिविर के लिए संस्थान पदाधिकारीयों ने दिल्ली के सम्मानित व्यक्तियों और मंत्रियों को आमन्त्रित किया है। रिलो पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सीएसआर के तहत शिविर सहयोगी के रूप में जुड़ा है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने दिव्यांगों से अपील करते हुए कहा इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए। शिविर संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्थान हेल्पलाइन नम्बर 70235-09999 पर संपर्क करें।
प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रस्टी चौबिसा, निदेशक गौड़ एवं प्रभारी भाटी ने शिविर का पोस्टर जारी किया।
नारायण सेवा संस्थान 1985 से नर सेवा-नारायण सेवा की भावना से काम कर रहा है। संस्थापक कैलाश मानव को राष्ट्रपति महोदय ने मानव सेवा के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा है। संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल दिव्यांगों के लिए मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी के माध्यम से मानसिक,शारीरिक एवं आर्थिक दृष्टि से मजबूत कर लाखों दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में ला चुके है। वर्ष 2023 में अग्रवाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान अब तक 40 हजार से अधिक कृत्रिम अंग लगा चुका है। संस्थान अब दिल्ली के दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान कर उनकी रुकी जिन्दगी को फिर से शुरू करने के लिए बड़े स्तर पर काम करेगा।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने लॉन्च किए फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज के ट्रैक्टर

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार, 14 फरवरी।** एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) ने अपने फार्मट्रैक ब्रांड के तहत नई फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज के ट्रैक्टर लॉन्च किए हैं। यह सीरीज 39-47 एचपी के सेगमेंट में भारतीय किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में



रखते हुए डिजाइन किया गया है। इस सीरीज में 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी वेरिएंट्स में प्रोमैक्स 39, प्रोमैक्स 42, प्रोमैक्स 45 और प्रोमैक्स 47 मॉडल शामिल हैं। नई सीरीज में दमदार परफॉर्मेंस के साथ-साथ आकर्षक स्टाइल और उन्नत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। फार्मट्रैक ब्रांड भारत में लंबे समय से मौजूद है, जिसके पास एक भरोसेमंद ग्राहक वर्ग है। प्रोमैक्स सीरीज बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। ये नए ट्रैक्टर ज्यादा आधुनिक और इनोवेटिव हैं। इस सीरीज में बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ आकर्षण और स्टाईल पर भी ध्यान दिया गया है। एफ प्रोमैक्स ट्रैक्टर्स में अत्याधुनिक 3 सिलेंडर प्रोमैक्स इंजन लगा है, जो बेहतर माईलेज के साथ शानदार पॉवर आउटपुट प्रदान करता है। इसलिए इन ट्रैक्टरों के संचालन की लागत कम है। इसमें हैवी ड्यूटी 12एफ + 3आर मल्टी-स्पीड कॉन्सटेंट मेश ट्रांसमिशन के साथ हेलिकल गियर और आधुनिक लुब्रिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिससे वन फिगर गियर शिफ्टिंग, कम से कम शोर, बेहतर ट्रैक्शन और लंबी ड्यूरेबिलिटी मिलती है। इसके स्टैंडर्ड ईपीआई रिडक्शन द्वारा ट्रैक्टर की क्षमताएं बढ़ जाती हैं, जिससे यह रियल एक्सल पर भारी लोड आसानी से संभाल सकता है।इसकी माल ढोने की क्षमता 2000 किलोग्राम है। इसमें स्मार्ट प्रो लिफ्ट स्विच और सर्वश्रेष्ठ हाईड्रॉलिक्स की विशेषताएं दी गई हैं, जिनकी मदद से यह सीरीज उपकरणों की सुगम हैंडलिंग कर सकती है। ज्यादा आरामदायक बनाने के लिए इन ट्रैक्टरों में प्रीमियम फ्लोर मैट के साथ फ्लैट प्लेटफॉर्म, ज्यादा आरामदायक सीट, और सिंगल पीस बोनेट डिजाईन दिया गया है, जिससे ड्राईवर की सुविधा और आराम बढ़ते हैं।ईकेएल में ट्रैक्टर बिजनेस डिवीजन के चीफ ऑफिसर, श्री नीरज मेहरा ने कहा, ह्लप्रोमैक्स सीरीज नए युग के किसानों के लिए तैयार की गई है, ज्यादा आधुनिक टेक्नोलॉजी वाले, संचालन में आसान और स्टाईलिश ट्रैक्टर चाहते हैं। इसे विभिन्न कृषि कार्यों को आसानी से पूरा करने के लिए बनाया गया है। प्रोमैक्स केवल एक ट्रैक्टर नहीं, बल्कि यह बेहतर प्रोडक्टिविटी के साथ आधुनिक किसान की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की अवधारणा को प्रदर्शित करता है।ह्लफार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज उन किसानों के लिए आदर्श है जो पारंपरिक मजबूती के साथ आधुनिक तकनीक की ताकत चाहते हैं। यह सीरीज न केवल उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत में मजबूत डीलर नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध होगी, बल्कि कंपनी इसके विस्तार की योजना पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में भी बना रही है। नई प्रोमैक्स सीरीज को ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। ग्राहक अधिकृत डीलरशिप्स पर प्रोमैक्स ट्रैक्टर्स की बुकिंग करा सकते हैं।

## होंडा की नई पेशकश झ्र दमदार एनएक्स 200 बाइक हुई लॉन्च

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**करनाल, 14 फरवरी।** **होंडा** मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज नई एनएक्स 200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई



गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू एनएक्स 200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी ल्टरक रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है।
नई एनएक्स 200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। एनएक्स 200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय एनएक्स 500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफर को यादगार बनाएगी।
इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, श्री योगेश माथुर ने कहा, "हमें बेहद खुशी है कि हम एनएक्स 200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए बनी है जो दो पहियों पर खुली सड़क का मजा लेना चाहते हैं और एडवेंचर को महसूस करना चाहते हैं। शानदार डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ एनएक्स 200 राइडिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। हमारे एडवेंचर और एक्सप्लोरेशन के मूल सिद्धांत के अनुरूप, एनएक्स 200 राइडर्स को बिना किसी रुकावट के नई मंज़िलें तलाशने के लिए आमंत्रित करती है।

# रोटरी क्लब और अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने दिल्ली-एनसीआर में अंग एवं देह दान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**फरीदाबाद, 14 फरवरी।** अंग एवं देह दान जैसी पुनीत पहल को प्रोत्साहित करने के लिए, अमृता अस्पताल और रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3011 के संयुक्त तत्वावधान में अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में अंग एवं देह दान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "जीवन का उपहार मनाना" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अंग दान के लिए प्रेरित करना और यह संदेश देना था कि मृत्यु के बाद भी उनके अंग दूसरों की जिंदगी बचाने में सहायक हो सकते हैं।
आज के समय में, अंग प्रत्यारोपण की बढ़ती मांग और उपलब्धता के बीच की खाई को पाटना एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य अंग दान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, सही जानकारी प्रदान करना और अधिक से अधिक लोगों को अंग दान के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं, सामाजिक संगठनों और आम जनता ने भाग लिया, जो इस जीवनरक्षक मिशन का हिस्सा बनना चाहते थे।
इस पहल को चिकित्सा और सामाजिक सेवा क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों का समर्थन प्राप्त था, जिनमें रोटरी इंटरनेशनल और अमृता अस्पताल के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों के सदस्यों की भागीदारी रही, जहां विशेषज्ञों, अंग दाताओं और अंग प्राप्तकताओं



ने अपने अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त, अंग दान की चिकित्सा, नैतिक और कानूनी प्रक्रियाओं पर केंद्रित संवाद सत्र भी आयोजित किए गए।
कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए, रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3011 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, डॉ. महेश पी. त्रिखा ने कहा, "अंग दान परोपकार की पराकाष्ठा है, जो किसी जरूरतमंद को दूसरा जीवन प्रदान करता है। प्रत्येक अंगदाता कई लोगों की जान बचा सकता है, जिससे यह सबसे प्रभावशाली निर्णयों में से एक बन जाता है। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से, रोटरी क्लब ने ज्ञान की खाई को पाटने और अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस जीवन परिवर्तित करने वाले निर्णय के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि हमने इस नेक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए अमृता अस्पताल जैसे चिकित्सा क्षेत्र के अग्रणी संस्थान के साथ सहयोग किया।ह्ल
अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक, स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, "अमृता अस्पताल हमेशा से उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ समाज में जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। अंग दान एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा चुनौती है, और हमारा मानना है कि इस दिशा में लोगों को प्रेरित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। रोटरी क्लब के साथ हमारी इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अंग दान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करना था, ताकि किसी की जान केवल दाता अंग की अनुपलब्धता के कारण न जाए। यह पहल एक स्वस्थ, करुणाशील समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संपादक की कलम से

# कैंसर को ठीक करने में योग सक्षम

आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता।

कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। **कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर** तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरूआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में ह्यवर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसरह्ल कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरूआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम ह्ययूनाइटेड बाय यूनीकह्ल रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। ह्यमैं हूँ और मैं करूँगाह्ल जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कैंसर संक्रामक रोग नहीं है। कैंसर के मरीजों से दूरी न बनाएं, बल्कि उनके साथ जुड़कर उनको मानसिक संबल दें, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। कैंसर की जंग में सकारात्मक सोच रोगी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। सकारात्मक सोच वाले शरीर पर ही दवाइयां अपना असर दिखती हैं। इसलिए कभी भी व्यक्ति को हताश नहीं होना चाहिए। योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। विश्व कैंसर दिवस कैंसर के वैश्विक बोझ पर चिंतन करने के साथ-साथ जांच योगमय संतुलित जीवन और जीवनरक्षक उपचार में हुई प्रगति का जश्न मनाने का भी दिन है। पूरे समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक और सरकारी कार्रवाई को प्रेरित करता है।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी।

साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है।

दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए।

## समय बदला

समय का नहीं काम रुक कर रहना,
चलते रहना गिला शिकवा न कहना,
बह रही गंगा दो लो हाथ,
अबकी बात हो जाएगी कल की बात,
समय को व्यर्थ गुजरना है निकम्मापन,
रह जाते जो पीछे कहते उसे पिछड़ापन,
नयापन रोज कर्म में जो संभला,
दिन प्रतिदिन समय है बदला।
जिसने स्वयं लिखा इतिहास,
जिसका हर लम्हा रहा हो खास,
जागृत होता है स्वाभिमान,
हौसले होते उसके परवान,
चढ़ी हो जिन्होंने कई सीढ़ियां,
याद करती है नई पीढ़ियां,
कुछ पाने को जो जग रहा,
दिन प्रतिदिन समय है बदला।
कुछ नए अध्याय,
कुछ गवाए तो कुछ पाए,
समय के साथ जीवन भी बढ़ता आगे,
कहीं दूरियां तो कहीं लागे,
मानव जीवन में क्या पाता और क्या खो देता,
नदी सूखने पर दिखाई देता है रेता,
अछूते लम्हे से मानव कंवला,
दिन प्रतिदिन समय है बदला।
कल के नियम आज पुराने,
ओझल हुए सब वे जो आज सयाने,
बदला- बदला सा दिखता है आज अंदाज,
रोज बदलते तेवर सबका दिखे अलग संवाद,
नए-नए अनुभवों से कुछ नया सीखता,
न जाने किन-किन बातों से है रीझता,
होगा झुरियों वाला जो आज चमक रहा,
दिन प्रतिदिन समय है बदला।



**डॉ विनोद कुमार शर्मा चंडीगढ़।**

# सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य पहली शर्त

**अरुण कुमार दीक्षित**



(पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है। सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तर का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।

**सौंदर्य आनं**दित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं, सौंदर्य ही है। जब अनायास कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है।

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं- सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है। यूनानी दार्शनिक अरस्तू का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है।

श्रीमद्भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर मे करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है।

सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तर का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।

सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य (एम्पथी) पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही-चम्पा, लीली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता हैं। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं- जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं। सौंदर्य शास्त्र का एक विषय के रूप में अध्ययन (स्टेथिक्स) कहलाता है। इसे स्वतंत्र विषय बनाने वाला 18वीं सदी का जर्मन दार्शनिक बामगार्टन था। भारत में सौंदर्य "रस" रूप में देखा गया है

सौंदर्य अनुभूति का सबसे सशक्त स्थल भरत मुनि ने रंगमंच को माना है, जहां प्रत्येक प्रेक्षक भाव विभोर होकर "रस" अनुभूति करता है। जिन चीजों में आनंद आता है उन सुंदर चीजों को देखकर हृदय बार-बार उसी ओर आकर्षित हो जाता है। उसकी छाया पीछा करती है। गीत फूटने लगते हैं। यह भौतिक आनंद क्षणिक होता है। सौंदर्य विषय पर प्राचीनकाल से चिंतन मंथन है। कला शरीर है। सौंदर्य उसकी आत्मा है। सच्ची कला सौंदर्य का ही मूर्ति रूप होती है। कला बिना पढ़े समझ में आती है। प्राचीनकाल में मानव ने पर्वतों की गुफाओं में पशुओं सहित भिन्न प्रकार के चित्र उकेरे हैं। यह चित्र हमें उस पाषाण, पुरापाषाण काल की सूचनाएं देते हैं कि तब का मानव कैसा था। चित्र भाषा, मानव आत्मा की भाषा है। सौंदर्य का अस्तित्व भी इसलिए है कि दुनिया में कुरूपता भी है। यही कारण है कि सौंदर्य कुरूपता का परिष्कृत रूप है। गुण की पहचान अवगुण है। विशेष कर पश्चिमी देशों में सौंदर्य की प्रतियोगिताएं होती हैं। विश्व सुंदरी के चुनाव के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता होती है। ऊपर से कुरूप व्यक्ति तब सुंदर दिखाई देगा जब उसके कार्यों में शुभता और लोकमंगल हो। सौंदर्य अनुभूति अन्य अनुभूतियों से भिन्न है। आंतरिक आनंद की भावना इस अनुभूति में बड़ी होती है। सौंदर्य की प्रशंसा और सम्मोहन इसका चरित्र है। सौंदर्य की अनुभूति को अंग्रेजी में (एम्पथी) कहते हैं यह आवश्यक शर्त है। तादात्म्य के अभाव में सौंदर्य को पूरा का पूरा अनुभव नहीं किया जा सकता। गायक कुछ गा रहा है।

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते. गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये

# वैलेंटाइन डे: प्यार के उत्सव का नया बाजार

**हर्षवर्धन पाण्डे**



पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर- तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है। वैलेंटाइन के सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह "वैलेंटाइन "अथवा "वलेंतिनस" नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरू थे। उन दिनों वहां क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन ने क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा "वैलेंटाइन डे" मनाते हैं । 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है।

इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा " फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन।" आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन।' 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा। आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलकें बिछाये बैठे रहते हैं। इसे प्यार के इजहार का दिन बताते हैं लेकिन युवक-युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बांध सकते। वह तो प्यार को हंसी-मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' का नाम से जाना जाता है। इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ़ गया है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक होती है। गिफ्ट सेंटर में उमड़ने वाली भीड़, चहल-पहल इस बात को बताने के लिए काफी है यह किस प्रकार युवाओं के दिलों में उतर चुका है। यूं तो हमारी संस्कृति में प्रेम को परमात्मा का दूसरा रूप बताया गया है अतः प्रेम करना गुनाह और प्रेम का विरोधी होना सही नहीं होगा लेकिन वैलेंटाइन के नाम पर जिस तरह का पश्चिमपरस्ती का विस्तार हो रहा है वह सही नहीं है। वैसे भी यह प्रेम का तरीका भारतीय जीवन मूल्यों से मेल नहीं खाता। आज का वैलेंटाइन डे भारतीय काव्य शास्त्र में बताये गए मदनोत्सव का पश्चिमी संस्करण प्रतीत होता है। सवाल यह है कि क्या आप प्रेम जैसी चीज को एक दिन के लिए बांध सकते हैं? शायद नहीं। आज लोग प्यार के चक्कर में बर्बाद हो रहे हैं। हीर-रांझा, लैला-मजनूं, रोमियो-जूलियट के प्रसंगों का हवाला देने वाले हमारे आज के प्रेमी यह भूल जाते हैं कि मीरा वाला प्रेम सच्ची आत्मा से सम्बन्ध रखता था। आज प्यार बाहरी आकर्षण की चीज बनती जा रही है। प्यार को गिफ्ट और पॉकेट में तौला जाने लगा है। वैलेंटाइन के प्रेम में फंसने वाले कुछ युवा सफल तो कुछ असफल साबित होते है। जो असफल हो गए तो समझो बर्बाद हो गए क्योंकि यह प्रेम रूपी "बग" बड़ा खतरनाक है। एक बार अगर इसकी जकड़ में आप आ गए तो भविष्य में भी पीछा नहीं छोड़ेगा। वैलेंटाइन के नाम पर आज समाज में जिस तरह की उद्दंडता हो रही है, वह चिंतनीय है। संपन्न तबके साथ आज का मध्यम वर्ग और निम्न तबका इसके मकड़जाल में फंसकर अपना पैसा और समय दोनों खराब कर रहे हैं। आज वैलेंटाइन की स्टाइल बदल गई है। गुलाब गिफ्ट दिए, नशे में पार्टी में थिरके बिना काम नहीं चलता। यह मनाने के लिए आपकी जेब गर्म होनी चाहिए।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे सरकार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** परशुराम दल ने बताया कि आगामी 5 मार्च को दल के कार्यकर्ता संपूर्ण देश के जिला मुख्यालयों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपेगे।

दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी किसी एक वर्ग या जाति के आराध्य नहीं हैं वो समस्त समुदायों के भगवान हैं, जो हम सभी की अस्था के प्रतीक व प्रेरणा का केंद्र हैं, उन्होंने कहा कि जब महापुरुष, समाजसुधारक व राजनेताओं की जयंतियों पर स्थाई अवकाश हो सकते हैं तो भगवान के प्राकट्य दिवस पर क्यों नहीं? सरकार को इस धार्मिक आस्था से जुड़े विषय को समझते हुए भगवान परशुराम जन्मोत्सव का स्थाई अवकाश घोषित करते हुए जनमानस की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

## शिक्षा के बिना मानव जीवन का कोई वजूद नहीं: महंत सुंदराईनाथ

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** लाला मनोहर लाल बड़वा वाला राजकीय प्राथमिक स्कूल, नंबर 1 में विद्यार्थियों को बाबा सरसाई नाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा स्टेशनरी वितरित की गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डेरा बाबा सरसाई नाथ के गद्दीनशीन महंत बाबा सुंदराई नाथ ने शिरकत की। उन्होंने अपने हाथों से 100 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण की। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व महासचिव प्रेम कंदोई ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी संजय गोयल सरिया वाला ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि की भूमिका में समाजसेवी राजकुमार ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर महंत बाबा सुंदराईनाथ ने कहा कि बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेल्फेयर ट्रस्ट अब तक हजारों विद्यार्थियों की जिंदगी में उजियारा कर चुका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन का कोई वजूद नहीं है। ट्रस्ट की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। संजय गोयल ने ट्रस्ट के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ट्रस्ट की तरफ से संजय गोयल ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया की आगामी वर्षों में सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर रतन सिंह दुरेजा, अनिल सैनी, राजू रानी सहित सभी स्टाफ मौजूद थे। गौरतलब है कि यह ट्रस्ट श्री गौशाला में स्थापित है, जो अग तक हजारों विद्यार्थियों को स्टेशनरी व पुस्तक उपलब्ध करवा चुका है।

## दिव्यांगों को निशुल्क कानूनी सहायता जागरूकता बारे लगाए जाएंगे कैंप

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नलसा की (मानसिक बीमारी और बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना के तहत एक विशेष विधिक जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता देना और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शों के तहत चलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जिला जेल, सिविल अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भाई कन्हैया आश्रम और स्लम एरिया जैसी विभिन्न जगहों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ताओं की टीम बनाई गई है, जो विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान की शुरूआत 17 फरवरी को जिला जेल सिरसा में, 18 फरवरी को सिविल अस्पताल में, 19 फरवरी को बस स्टैंड सिरसा, 20 फरवरी को सीसीआई/बाल भवन में, 21 फरवरी को रेलवे स्टेशन पर और 23 फरवरी को भाई कन्हैया आश्रम में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 24 फरवरी को ऐलनाबाद और 25 फरवरी को डबवाली के स्लम इलाकों में भी यह अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान मानसिक रूप से बीमार और दिव्यांग व्यक्तियों को न्याय तक पहुंच दिलवाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है।

## 200 मीटर दौड में प्रदेश में नंबर एक आने पर जतिन का किया स्वागत

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** पीएम श्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बारना की 11वीं कक्षा के जतिन ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य पूर्ण चंद व शिक्षकों ने जतिन का विशेष रूप से सम्मानित किया। प्रिंसीपल पूर्णचंद ने कहा कि विद्यालय की 11वीं कक्षा के विद्यार्थी जतिन ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। वे जतिन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। शिक्षक राजबीर सिंह व शशि भूषण शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने जतिन का हौंसला बढाया। उन्होने बताया कि गत दिनों यह प्रतियोगिता द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित की गई। विजेता जतिन ने कहा कि वे अपनी तैयारी भविष्य में इसी प्रकार जारी रखेंगें। इस मौके पर पीटीआई दीपा, शिक्षिका सोनिया, राजदुलारी, रीतू, बलवान शर्मा, रामप्रशाद, मनजीत कौर, निधि शर्मा, अजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# लोकप्रिय अभिनेता पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नई दिल्ली, 14 फरवरी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है।

बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निमार्ता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3 फीसदी तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं, इंजन के टूट-फूट को कम करने, ईंधन की अर्थव्यवस्था में सुधार देश को इस




सक्रिय तकनीक को कार्रवाई में "लाइव" देखने में मदद करने के लिए, Jio-bp ने नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अभिनव स्प्लिट फ्यूल कार का अनावरण किया।

स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे Jio-bp में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है। ये ईंधन देश भर में 1875 से अधिक जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के आधार पेशकश के रूप में उपलब्ध हैं।

नियम और शर्तें लागू। अधिक जानकारी के लिए कृपया जियो-बीपी वेबसाइट पर जाएँ।

**जियो-बीपी के बारे में:**

जियो-बीपी ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली, रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड (आरबीएमएल) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और बीपी के बीच एक भारतीय ईंधन और मोबिलिटी संयुक्त उद्यम है। संयुक्त उद्यम जियो डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश भर में रिलायंस की उपस्थिति और उसके लाखों उपभोक्ताओं का लाभ उठाता है। बीपी उच्च गुणवत्ता वाले विभेदित ईंधन, स्नेहक, खुदरा और उन्नत कम कार्बन मोबिलिटी समाधानों में अपने व्यापक वैश्विक अनुभव को सामने लाता है। पारंपरिक ईंधनों के विपणन के अलावा, आरबीएमएल अपने ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट जैसे उन्नत मोबिलिटी समाधान और वैकल्पिक ईंधन विकल्प प्रदान करता है। कंपनी का विमानन ब्रांड एयर बीपी-जियो पूरे भारत में एविएशन टर्बाइन ईंधन का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। ब्रांड जियो-बीपी फ्यूल4यू डीजल की ऑन-डिमांड डोरस्टेप डिलीवरी करता है और इस सेगमेंट में मार्केट लीडर है।

जियो-बीपी के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.jiobp.com / Twitter और Facebook: @Jiobpofficial/ देखें।

# युवा सहकारी समितियां बनाकर कर सकते है व्यवसाय को विकसितः अरविंद हुड्डा

## राजकीय महिला महाविद्यालय में युवा कौशल विकास कार्यक्रम के तहत छात्राओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 14 फरवरी।** स्थानीय सावित्री बाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य विचित्र सिंह के निर्देशन व हरियाणा राज्य सहकारी विकास संघ पंचकूला के तत्वाधान में युवा कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारी समिति लोहारू के सहायक रजिस्ट्रार अरविंद हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि तथा कृषि विभाग के एसडीओ राहुल चिल्लर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन सहायक सहकारी शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह सिवाच ने किया। इस दौरान सहकारिता एवं सहकारी सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अरविंद हुड्डा ने विभिन्न सहकारी योजनाओं



जैसे नंदिनी योजना, राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना एवं डेयरी उत्पाद योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां बनाकर और युवा बैंक से ऋण प्राप्त कर-के अपनी व्यवसाय को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में अमूल के संस्थापक वर्गीज कुरियन के दृढ़ निश्चय के बारे में बताते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त राहुल छिल्लर ने विभिन्न प्रकार की कृषि योजनाओं से छात्राओं को अवगत कराया ताकि समाज में जागरूकता लाकर अन्नदाता किसान की आमदनी को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहकारी संस्थाओं ने उर्वरक, कृषि, दुग्ध विपणन, सार्वजनिक वितरण, कृषि के लिए कीटनाशक दवाइयां, बीज, अनाज की खरीद, सहकारी बैंकों द्वारा बैंकों द्वारा ऋण देकर सराहनीय भूमिका निभाई है। कॉमर्स विभाग के सहायक प्रोफेसर चिराग ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम युवा वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । देश को अच्छे उद्यमी तभी प्राप्त होंगे जब उनमें कौशल विकास विकसित होगा, इससे देश के तकनीकी एवं आर्थिक विकास में मदद मिलेगी और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा बने शाहाबाद कोल्ड स्टोरेज एसो. के प्रधान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**शाहाबाद मारकंडा, 14 फरवरी।** शाहाबाद कोल्ड स्टोर एसोसिएशन की बैठक अनाज मंडी में विनोद वधवा के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में पुलवामा के शहीदों को नमन किया गया। तत्पश्चात प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा ने अपने पिछले 2 साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर आयोजित इस बैठक में प्रधान बिट्टू कालड़ा ने जैसे ही अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया, तो बैठक में उपस्थित तमाम कोल्ड स्टोर मालिकों ने एकमत होकर बिट्टू कालड़ा को 13वीं बार शाहाबाद कोल्ड स्टोर एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया। नई कार्यकारिणी में बदलाव किए बिना नव चयनित प्रधान ने जहां राहुल बतरा को एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया, वहीं महासचिव का पदभार अंकुश बंसल तथा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रवीण गर्ग को दी। प्रधान बिट्टू कालड़ा ने बताया कि दया सिंह गाबा व सतविंदर सिंह हांडा संरक्षक का पद संभालेंगे, तो अमित कक्कड़, नरेंद्र गांधी व मदन सचदेवा वाइस चेयरमैन के रूप में एसोसिएशन का काम देखेंगे। इसी कड़ी में अमित गुप्ता, मनोज मित्तल सौरभ दुआ एवं अनिल कुमार कुश को उप-प्रधान का पदभार दिया गया। दीपक गांधी सह-सचिव, जतिन अदलखा पी.आर.ओ. तथा सोनू गाबा एसोसिएशन के प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रधान ने कहा कि नई कार्यकारिणी में राज कपूर, वीरेंद्र डावर, हर्ष कालड़ा मदन लाल गंभीर, अमर निरंकारी एवं सतनाम सिंह नलवी को कार्यकारी सदस्य के रूप में रखा गया है। बैठक के समापन से पूर्व लेबर की डिमांड पर न केवल उनकी मजदूरी के रेट बढ़ाए गए बल्कि कोल्ड स्टोर की क्षमता के अनुसार उसकी मार्कीट फीस निश्चित करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर शाहाबाद क्षेत्र के लगभग सभी कोल्ड स्टोर मालिक मौजूद थे।

# सैकड़ों रोडवेज कर्मचारी पड़ाव में लेंगे भागः चाहर

## कुरूक्षेत्र में दो दिवसीय पड़ाव आज से

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को रोडवेज प्रांगण में हुई।

प्रदेश प्रवक्ता पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि बैठक कि अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने की। संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। बैठक में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर लक्ष्मैया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने विशेष तौर से भाग लिया। राष्ट्रीय नेताओं ने कर्मचारियों को आगामी 24 मार्च को आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आवाह्न पर दिल्ली संसद कूच में भाग लेने का आह्वान किया। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा रोडवेज से लगभग 7 सौ कर्मचारी दिल्ली संसद कूच में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आगामी 15-16 फरवरी को कुरूक्षेत्र में 24 घंटे के पड़ाव में रोडवेज के कर्मचारी भारी



संख्या में भाग लेंगे और आगामी 8 मार्च को हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोहतक में होने वाली कंवेंशन में सैकड़ों साथी भाग लेंगे।

चाहर ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक बसें चलाने के निर्णय रद्द करें सरकारी बसें शामिल करें। बैठक के बाद कर्मचारी नेताओं ने बताया इलैक्ट्रिक बसें 62 रूपए पर किलोमीटर के हिसाब से चलने का निर्णय है। उन्होंने कहा एक इलेक्ट्रॉनिक बस के बदले साधारण 6 बसें आती है। इस प्रकार सरकारी बसों पर 43 सौ बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और जनता को बेहतर परिवहन सेवा मिलेगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि सरकार निजीकरण की नीतियों को बंद करें। उन्होंने कहा कर्मचारियों के मांग मुद्दों पर जल्द से जल्द बुलाकर बातचीत के माध्यम से निपटारा करें। अगर उपरोक्त बातों पर सरकार ध्यान नहीं देती है तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर शिवकुमार श्योराण, रमेश श्योकंद, सुशील ईक्कस, पवन शर्मा, जयकुवार दहिया, महिपाल, चंद्रभान खटक, राजेश बेरला, वीरेंद्र सिंह, सतबीर मुंडाल आदि अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बर्ड पार्क का किया भ्रमण

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 14 फरवरी।** महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ बर्ड पार्क और जैपनीज गार्डन का दौरा किया। इसके लिए दो बसों का प्रबंध किया गया था। दौरे को लेकर बच्चे बड़े उत्साहित दिखे। सर्वप्रथम बच्चों को जैपनीज गार्डन ले जाया गया। बच्चों ने पीपल के नीचे स्थापित महात्मा बुद्ध के स्टैचू के साथ फोटो करवाई। उन्होंने झूले झूलकर आनंद लिया। बच्चों ने पूरे गार्डन की सैर भी की। इसके पश्चात उन्हें चंडीगढ़ बर्ड पार्क में ले जाया गया। बच्चों ने रास्ते के किनारे बनी वाटिकाओं को भी निहारा। बच्चों ने प्रकृति के बीच पेड़ पौधों और पक्षियों की कलरव ध्वनि का आनंद लिया। भिन्न-भिन्न प्रजातियों के पक्षी चहचहा रहे थे। तालाब में काले और सफेद रंग की बतखें तैरती हुईं मन को लुभाया। बच्चों ने बताया कि उन्हें तालाब के किनारे निर्मित हट में बतख के बच्चे सुस्ताते हुए अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। लंबी उड़ान भरकर पक्षी पेड़ों पर जाकर बैठ रहे थे। ऐसे





दृश्य उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया। यह दौरा एनआरआई सुदर्शन गर्ग की ओर से निशुल्क था। उन्होंने बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दी। एनआरआई सुदर्शन गर्ग ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे भ्रमण बच्चों के मानसिक विकास को नई दिशा देते हैं। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल अंजू मोदगिल ने एनआरआई सुदर्शन गर्ग का टुअर का प्रबंध करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## हकृवि में प्रतिभा खोज के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 14 फरवरी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय में प्रतिभा खोज/फ्रेशर डे के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि रहे जबकि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने अध्यक्षता की। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने राजस्थानी एवं हरियाणवी नृत्य, पंजाबी भंगडा, वेस्टर्न डांस, क्लासिकल डांस, फन्नी डांस, नाटक सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि डॉ. मदन खीचड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ? के लिए अच्छे संस्कार और अनुशासन बहुत जरूरी हैं। विद्यार्थियों को अपने गुरु, माता-पिता व बड़ों का सम्मान करना चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस. के. पाहुजा ने कहा कि हमें अपने विश्वविद्यालय के छात्रों पर गर्व है। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए। मंच संचालन अंशवीर, प्रगति, मोमी, देव, ललित, मयंक, रेणुका, युक्ति, दीक्षा, हिमांशी तथा अग्रणी ने किया। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. करमल सिंह, डॉ. अमनदीप सिंह व डॉ. विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बेटियों ने किया बेटे का फर्ज पूरा, मां की अर्थी को कंधा देकर किया अंतिम संस्कार

### -लोगों के छलके आंसू

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 14 फरवरी।** बेटियां भी बेटों से कम नहीं है। अब बेटियां भी हर वह काम कर रही हैं, जो सिर्फ बेटे ही करते थे। वक्त के साथ समाज की सोच भी बदल रही है। बेटियां पिता की अर्थी को कंधा देने के साथ मुखाग्नि दे रही हैं। ऐसा ही नजारा सतनाली कस्बे में देखने को मिला। परंपराओं से हटकर दो बेटियों ने अपनी मां के निधन के बाद उनकी अंतिम यात्रा में कंधा देकर मुक्तिधाम ले गई और मुखाग्नि दी। सतनाली निवासी मृतका नानी देवी का 75 वर्ष की उम्र में हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। नानी बाई के चार पुत्री थी तथा कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में उनकी बेटियों वीरमति, ओमबाई, सजना बाई व फूली उर्फ सुमन ने समाज की बेडि?ों को तोड़ते हुए अपनी मां को कंधा देकर मुखाग्नि देने का निर्णय लिया। वीरवार को जैसे ही मृतका



नानी बाई की बेटियों ने परंपराओं को तोड़ते हुए अपनी मां को अपने कंधों पर लेकर अंतिम यात्रा के लिए निकली तो लोगों के आंसू छलक उठे। बेटियों ने बेटे की भांति सभी फर्ज पूरे किए। मृतका नानी बाई बेहद धार्मिक विचारों की सामाजिक महिला थी तथा गांव में हर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति दर्ज की जाती थी। नानी बाई के पति संतलाल जांगड़ा का करीब 30 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। ऐसे में नानी बाई ने हर कठिनाई को सहन करते हुए अपनी पुत्रियों का लालन पालन किया तथा उनका विवाह कर अपनी सामाजिक व पारिवारिक जिम्मेवारी का निर्वहन किया। गत दिवस नानी बाई के निधन के बाद परिवार जन व लोग उनके अंतिम संस्कार को लेकर असमंजस में थे। ऐसे में उनकी बेटियों ने आगे आकर एक बेटे की भांति अपनी मां की अर्थी को कंधा देकर अंतिम संस्कार की सारी रस्में पूरी कर मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा के दौरान लोग कहते नजर आए कि समय के साथ सोच बदलने की जरूरत है। बेटियों ने अपनी मां का अंतिम संस्कार किया है और वह सभी कार्य करेंगी, जो एक बेटे को करनी चाहिए। लोगों व परिवारजनों ने बेटियों को ढांढस बंधाया।

## आंगनवाड़ी केंद्र से पानी की मोटर चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** गांव शेरपुरा में बस स्टेंड पर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से चोर पानी की मोटर चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में सरपंच सीमा ने बताया कि बस स्टेंड शेरपुरा के शौचालयों में पानी की सुविधा के लिए पास ही स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में पानी की मोटर ग्राम पंचायत की ओर से लगाई गई थी। बीती 10 फरवरी की रात को चोरों ने केंद्र से पानी की मोटर चोरी कर ली। सुबह ग्रामीणों को इस घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन मोटर का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** ऐलनाबाद के वार्ड नंबर एक से दुकान पर काम करने के लिए गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया।

पुलिस को दी शिकायत में युवक के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि उनका 21 वर्षीय बेटा संजय कुमार बाजार में एक दुकान पर काम करता है। सुबह वह रोजाना की भांति दुकान पर गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं आया। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में भी काफी तलाश की, लेकिन बेटे का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## गाड़ी सवार पांच बकरियां चुराकर हुए फरार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** गांव दया सिंह थेहड़ में गाड़ी सवार लोग पशुबाड़े से 5 बकरियां चोरी कर भाग गए।

पुलिस को दी शिकायत में भोजाराम ने बताया कि वह भेड़-बकरी पालन करता है। उसने बताया कि बीती 9 फरवरी की रात को वह सभी भेड़-बकरियों को पशुबाड़े में बंद कर घर आकर सो गया। देर रात को कुछ लोग उसके पशुबाड़े से बकरियां चोरी कर रहे थे। उसकी पुत्रवधु व पोती का शोर सुनकर आंख खुल गई। जब बाहर आकर उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी अपनी गाड़ी में 5 बकरियां डालकर फरार हो गए। अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** शहर के गुरूनानक नगर, खैरपुर में एक बंद मकान से चोर 80 हजार रुपए की नकदी सहित चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत सिंह ने बताया कि बीती 12 फरवरी को वह परिवार सहित दिल्ली में रिश्तेदारी में गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से 80 हजार रुपए की नकदी, पूजा घर में रखे करीब 7 से 8 हजार रुपए के चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर लौटे तो उन्हें इस घटना का पता चला। उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर चोरों की काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## सीडीएलयू में छात्र ने किया सुसाइड का प्रयास

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 14 फरवरी।** चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के छात्र ने हाथ की नस काटकर सुसाइड करने का प्रयास किया। छात्र को उसके साथी स्टूडेंट तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि छात्र दिव्यांगता को लेकर महिला टीचर द्वारा तंज कसे जाने से नाराज था। उसने करीब दो महीने पहले इसकी सीडीएलयू प्रशासन को शिकायत भी दी थी। सीडीएलयू प्रशासन ने जांच भी बैठाई। लेकिन इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। छात्र ने सीडीएलयू प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्महत्या करने जैसा कदम उठा लेगा।

## सक्षम 2025 का उद्घाटन समारोह आयोजित



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 14 फरवरी।** सक्षम 2025 उद्घाटन कार्यक्रम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर), सेक्टर 26 में पंजाब विधानसभा के स्पीकर माननीय श्री कुलतार सिंह संधवां की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। सक्षम (संरक्षण क्षमता महोत्सव) ऑयल इंडस्ट्री द्वारा एक पखवाड़े तक चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और बचत के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। जागरूकता कार्यक्रम पूरे पंजाब और चंडीगढ़ (यूटी) में आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन समारोह चंडीगढ़ (यूटी) और पंजाब के ऑयल इंडस्ट्रीज के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर्स (एसएलसी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

## वैलेंटाइन डे को शहीदी दिवस के रूप में मनाए युवा पीढ़ी: रविंदर सिंह



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 14 फरवरी** पश्चिमी सभ्यता में रंगी देश की युवा पीढ़ी द्वारा वैलेंटाइन दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाने लगा है। जोकि हमारी सभ्यता और संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है। आज से ठीक 06 वर्ष पहले 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में सी आर पी एफ के 42 फौजियों के शहीद होने की आज 6वीं वर्षगांठ है। जिसे ब्लैक डे माना गया था। इस खबर को सुन सभी देशवासी स्तब्ध रह गए थे। इस लिए सभी देशवासियों खासकर युवाओं को आज के दिवस को शहीदी दिवस के रूप में मनाना चाहिए। सभी देशवासियों को चाहिए कि वो शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में अपने घर की दीवार या मुंडेर पर एक कैंडल या दीया जरूर जलाएं, यही हमारी उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह कहना है, ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंदर सिंह बिल्ला का।

# नामांकन दाखिल करने से पहले रूठो को मनाने की कवायद में जुटे संभावित उम्मीदवार

## शुक्रवार को चैयरमेन के लिए 1 तथा पार्षद के लिए तीन नामांकन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 14 फरवरी।** लोहारू नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। ऐसे में नगर पार्षद व चेयरमैन का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार उत्साहित है तथा रूठो को मनाने में जुटे हुए है। रूठो को मनाने की कवायद में बैठकों का दौर चल रहा है तथा अपने लिए समर्थन हासिल करने के लिए अपने संपर्क के लोगों से मनुहार कर रहे है। कोई उम्मीदवार अपनी बिरादरी को एकजुट करने के प्रयास में लगा है तो कोई समाज का समर्थन मिलने पर ही चुनावी मैदान में ताल ठोकने की बात कर रहा है। नामांकन प्रक्रिया के तहत नामांकन दाखिल करने के लिए मात्र दो दिन का समय शेष बचा है तथा शनिवार व सोमवार को ही नामांकन दाखिल हो पाऐंगे। ऐसे में राजनीतिक सरगर्मियां जोर पकड़ रही है। भाजपा समर्थित चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार पूर्व मंत्री जेपी दलाल सहित अपने आकाओं की शरण में है तथा उनका आशीर्वाद हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कार्यकताओं को स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि किसी एक कार्यकर्ता के नाम पर सहमति बनाकर उनके पास आते है तो उसका समर्थन करेंगे तथा भाजपा का सिंबल भी दिलवा देंगे। यदि कार्यकर्ता एक मत नहीं होते है तो उनके लिए सभी कार्यकर्ता बराबर है। चुनाव लड़ना सभी का हक है लेकिन नगर के विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार भी आवश्यक है। ऐसे में कार्यकताओं में चेयरमैन पद के लिए किसी एक नाम पर सहमति बनती है तो वे पार्टी की ओर से उसका पूरा समर्थन व सहयोग करेंगे। ऐसे में अनेक भाजपा समर्थित उम्मीदवार



मायूस नजर आ रहे है तथा यहीं कारण है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने अभी तक नामांकन दाखिल नहीं किया है। हालांकि भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी ने शुक्रवार को चैयरमेन के लिए पहला नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद बताया कि लोहारू नपा चेयरमैन के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यदि नगर वासियों ने आशीर्वाद दिया तो नगर के विकास के लिए सभी के सहयोग से मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने अपना चुनावी संकल्प पत्र सप्ताह भर पूर्व ही जारी कर दिया था। वहीं नगर पार्षद पद के लिए शुक्रवार को तीन नामांकन दाखिल किए गए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि प्रधान पद के लिए प्रदीप सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं दूसरी ओर चेयरमैन पद के लिए खटीक समाज द्वारा राम भगत सोलंकी के नाम पर सहमति जताने की चचाएं है वहीं सूत्रों के हवाले से चर्चा है कि पूर्व पार्षद हरपाल सिंह द्वारा चेयरमैन पद का चुनाव लड़ने के लिए बुलाई गई बैठक का भी सकारात्मक परिणाम निकलकर न आने की वजह से उनके चुनाव लडने पर भी संशय की स्थिति बन गई है।

हालांकि सोशल मीडिया पर तो चेयरमैन व पार्षद का चुनाव लड़ने वालो की बाढ़ सी आई हुई है परंतु धरातल पर खुलकर कोई सामने नहीं आ रहा। सभी एक दूसरे के रुख को भांप रहे है। यहीं कारण है कि नामांकन के लिए महज दो दिन बचे है परंतु अभी तक मात्र चार ही नामांकन आए है। ऐसे में शनिवार व सोमवार को चैयरमेन व पार्षद पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया का पूरा जोर रहेगा व चुनावी कार्यालय में दोनों दिन पूरी रौनक रहेगी।

**शुक्रवार को चैयरमेन के लिए एक तथा पार्षद के लिए तीन नामांकन**

लोहारू नगर पालिका चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन चार नामांकन पत्र प्राप्त हुए। एक अध्यक्ष पद के लिए और तीन वार्ड पार्षद पदों के लिए कुल चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि प्रधान पद के लिए प्रदीप सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद के लिए वार्ड नंबर 3 से सुरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 7 से सुमेर सिंह तथा वार्ड नंबर 9 से रवि अग्रवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

# बढ़ते प्रवासी स्थाई निवासियों के लिए खतरा, जल्द इनकी जांच करे प्रशासन : महेश भगत

## शहर में रोजाना बढ़ रहे अवैध कब्जे, प्रशासन का सुस्त रवैया नहीं करेंगे बर्दाश्त

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**शाहाबाद मारकंडा 14 फरवरी।** विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों ने शहर में प्रवासियों की बढ़ती संख्या और रोजाना हो रहे अवैध कब्जों के रोष में तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उसके बाद एसडीएम शाहाबाद के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं जिला गोरक्षा प्रमुख महेश भगत ने कहा कि शाहाबाद में प्रवासियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। यह बढ़ते प्रवासी रेहड़ियां इत्यादि लगा कर व्यापर कर रहे है। चिंता का विषय यह है कि इन प्रवासियों के भेष में कोई भी अपराधी एवं शरारती व्यक्ति छिपा हो सकता है, इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द इन प्रवासियों की जांच करे और



इनके जरुरी दस्तावेज को जांचे। जिन प्रवासियों के खिलाफ अन्य राज्य में अपराधिक मामले दर्ज है या जो प्रवासी भारत का स्थाई निवासी नहीं है, उन्हें यहां से भगाया जाए। महेश भगत ने कहा कि बढ़ते प्रवासी किसी भी समय शहर में कोई बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते है, इसलिए विश्व हिन्दू परिषद के सभी सदस्य इस बारे में चिंतित है। ज्ञापन में सदस्यों ने यह भी बताया कि बढ़ते प्रवासियों ने शहर में कई जगह अवैध कब्जे भी कर लिए है, जिन पर प्रशासन ने चुप्पी साधी हुई है। इन अवैध कब्जों में अनाज मंडी के सामने बराड़ा रोड पर बना ढांचा, बराड़ा रोड पर स्थित शहीद उधम सिंह मेमोरियल के पास बना ढांचा, गांव मोहड़ी के पास जीटी रोड पर कुमार स्वामी जी के आश्रम व रेलवे लाइन के पास बने ढांचे शामिल है। महेश भगत ने कहा कि अगर जल्द ही प्रशासन ने इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं की, तो शाहाबाद विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य सभी हिन्दू समाज को एकत्रित करेगा और सभी संस्थाओं के सदस्यों को साथ लेकर अवैध निमार्णों को निरस्त करेगा। महेश भगत ने कहा कि सदस्य यह नहीं चाहते कि शहर में माहौल खराब हो, इसलिए आज निवेदन के रूप में परिषद के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन लेने के बाद नायब तहसीलदार सुभाष शर्मा ने विश्व हिन्दू परिषद के सभी सदस्यों को उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस मौके पर राजपाल शर्मा, केशव शर्मा, हरप्रीत सिंह, रमन जैन, संजय गुप्ता, भरत शर्मा, संदीप सैनी, डॉ. सुरेन्द्र सैनी, सुरेन्द्र जैन, नरेंद्र मदान, अश्विनी सैनी, पं संदीप और श्याम लाल चुघ सहित परिषद के सदस्य और शहरवासी मौजूद रहे।

## पुलवामा शहीदों की याद में जन सहयोग संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** जन सहयोग संस्था द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिको की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व रक्तदान किया। शिविर में कुरुक्षेत्र उपायुक्त नेहा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया। उपायुक्त नेहा सिंह ने संस्था के कार्यो की तारीफ करते हुए कहा कि संस्थाओ द्वारा एक मजबूत समाज की स्थापना होती है इसलिए सामाजिक कार्यो के लिए और संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। जन सहयोग संस्था की तरफ से शहीदों के सम्मान में समाज सेवा में अहम योगदान देने वाले आर्मी या फौजी से रिटायर्ड अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें रुलदू राम शर्मा, गुरदयाल सिंह, नरेश कुमार, रोशन लाल, दमन प्रीत, नीरज, कैप्टन गुरमैल सिंह, रामकुमार व सूबेदार रवींद्र कौशिक शामिल हैं। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने उपायुक्त को संस्था के पुनीत व यूनिक कार्यों से अवगत करवाया। इस मुहिम में यूके ट्रस्ट भारत, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र और सैनिक कल्याण बोर्ड कुरुक्षेत्र ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में कई युवाओ ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्था से नितेश मंगल, मिथुन समाना, जितेंद्र मास्टर, अंगुरी लाल, गगनदीप, श्रवणकुमार शिविर में मुख्य रूप मौजूद रहे।

# नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पिपली चिड़ियाघर का भ्रमण

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर में कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों को पिपली चिड़िया घर का भ्रमण कराया गया। चिड़िया घर में विद्यार्थियों को वेलकम ड्रिंक दी गई। उसके बाद बच्चों ने शेर, चीता, बबून, हिरन, भालू, काला तीतर, दरियाई घोड़ा, हाथी, मगरमच्छ आदि विभिन्न प्रकार के जानवर देखे। सभी विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि चिड़ियाघर बच्चों की मनपसंद जगह होती है।



चिड़ियाघर में घूमने का अनुभव आनंददायक और शिक्षाप्रद होता है। यहां जानवरों के बारे में सीखने के साथ-साथ, प्रकृति से जुड़ने का भी मौका मिलता है। विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने बताया कि शिक्षा के साथ विद्यालय समय समय पर विद्यार्थियों के लिए अलग अलग जगह का भ्रमण आयोजित करता रहता है। चिड़ियाघर में घूमने से जानवरों के व्यवहार, खान-पान, और रहन-सहन के बारे में पता चलता है। चिड़ियाघर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से विज्ञान और प्रकृति के बारे में रोचक बातें पता चलती हैं। चिड़ियाघर में घूमने से बच्चों के मन में जानवरों के प्रति दया और संवेदनशीलता का विकास होता है। चिड़ियाघर में घूमने से मन को शांति और प्रकृति से जुड़े होने का एहसास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा, प्रबंधक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कोआर्डिनेटर ऋतु चौधरी, मंजीत, सीमा, नीतू, परमज्योति, दीपिका, नैंसी मौजूद रहे।

## वैचारिक क्रांति के अग्रदूत थे महर्षि दयानन्द सरस्वती : जयपाल आर्य



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** महर्षि दयानन्द सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना समाज और राष्ट्र के उत्थान हेतु की थी और उनकी शिक्षाएं आज भी सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। अंधविश्वास और पाखण्ड की जंजीरों में जकड़े समाज को एक नई दिशा देने और विचारों में नई क्रान्ति का आगाज यदि किसी महापुरुष की ओजस्वी वाणी ने किया तो वे महर्षि दयानन्द ही थे। उक्त शब्द कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आर्य समाज स्थापना एवं सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य ने कहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग की अध्यक्षा डॉ. पुष्पा रानी, वेद प्रचारक विशाल आर्य सहित समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित अनेक कालेज के प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। महाशय जयपाल आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को दूर करने का भरसक प्रयास किया। महिलाओं को वेद पढ़ने-सुनने का अधिकार उन्हीं की देन हैं। उन्होंने ही समाज से बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को जडमूल से समाप्त कर महिलाओं को समाज में सम्मान दिलाया, ऐसे महापुरुष को हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए, साथ ही उनके अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश को अवश्य पढ़ना चाहिए। समारोह में उन्होंने गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे वेद प्रचार अभियान के बारे में भी विस्तृत चर्चा की और सभी महानुभावों से प्रकृति और देशी गाय को बचाने वाले महाभियान प्राकृतिक खेती मिशन से जुड़ने का आह्वान किया। समारोह में अंत में संयोजक डॉ. पुष्पा रानी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से महाशय जयपाल आर्य व विशाल आर्य को सम्मानित भी किया।

# बर्खास्त मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन के विरोध में किया प्रदर्शन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के बैनर तले मासा के घटक जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, मनरेगा मजदूर यूनियन व जन कल्याण सोसायटी हरियाणा ने संयुक्त रूप से गुड़गांव में मारूति सुजुकी के अस्थाई तथा बर्खास्त मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन के विरोध में मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवास पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व प्रदर्शनकारी देवीलाल पार्क पिपली में इकट्ठा हुए और सभा की। सभा के बाद वहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में आयोजक संगठनों के कार्यकताओं के अलावा संघर्षरत मारुति मजदूरों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र निवास के कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने मारुति मजदूरों का दमन किये जाने, झूठे मुकदमे दर्ज किए जाने के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के केंद्रीय कोर्डिनेटर



टीम के सदस्य एवं मनरेगा मजदूर यूनियन के महासचिव कामरेड सोमनाथ ने कहा कि हरियाणा व केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों का दमन कर रही है।

देश की सबसे बड़ी कार -उत्पादक कंपनी मारुति सुजुकी प्रबंधन ने सन 2012 में मानेसर प्लांट के हजारों मजदूरों को अन्यायपूर्ण ढंग से बर्खास्त कर दिया था। इन्हें झूठे मुकदमे दर्ज करके प्रताड़ित किया। अब तक ये मजदूर कार्य बहाली के लिए लड़ रहे हैं। ये पिछले साढ़े चार महीने से मानेसर (हरियाणा) स्थित प्लांट के आगे शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी व राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह ने कहा कि हरियाणा में मारुति सहित तमाम कंपनियां श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार तत्काल बर्खास्त मारुति मजदूरों को काम पर वापस रखवाए और स्थाई काम पर स्थायी रोजगार दे। समान काम का समान वेतन दे। पूंजीपतियों द्वारा अस्थाई मजदूरों युवाओं का शोषण करने से रोका जाए। मारुति मजदूरों नेताओं पर बनाये गये झूठे केस रद्द करे। प्रदर्शन को मारुति मजदूर अभिमन्यु, राजेश सैनी, जन संघर्ष मंच हरियाणा के पाल सिंह, रघुवीर विरोधिया, सतबीर सिंह, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के राज्य प्रधान करनैल सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान नरेश कुमार, जन कल्याण सोसायटी के सुरेश टांक ने भी संबोधित किया।

## हल्के के गांवों में नवीन संकल्प शिविरों का किया आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर के गांव सुनहेड़ी खालसा और आलमपुर में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। थानेसर हल्के के गांव सुनहेड़ी खालसा और आलमपुर में आयोजित इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके।

## भारत रत्न लता मंगेशकर की तीसरी पुण्यतिथि पर अलाइव फॉरएवर-संस्करण-3 के जरिए उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी

**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**



**चण्डीगढ़, 14 फरवरी।** स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की तीसरी पुण्यतिथि पर इमोर्टल म्यूज़िकल वेव्स और चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी द्वारा अलाइव फॉरएवर-संस्करण-3 के जरिए उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी। चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता में चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के चेयरमैन सुदेश शर्मा, इमोर्टल म्यूज़िकल वेव्स के निदेशक परम चंदेल, विकास सिंगला, राजेश कुमार व अंशुल अरोड़ा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 16 फरवरी को टैगोर थिएटर में सांय साढ़े 5 बजे से शुरू होगा जिसमें बॉलीवुड के मशहूर सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भी परफॉरमेंस की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि होंगे।

## अब कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर लगेगा एकमुश्त शुल्क: उपायुक्त महावीर कौशिक



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** प्रदेश सरकार ने राज्य में संचालित कोल्ड स्टोरेजों की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। अब 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 35 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इसी प्रकार से 2001-5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 55 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज तथा 5001 मीट्रिक टन या इससे अधिक क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 70 हजार रुपये प्रति कोल्ड की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में 13 फरवरी को स्वीकृति प्रदान की है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर छोटे कोल्ड स्टोरेज संचालकों को राहत देने का अनुरोध किया था और एकमुश्त शुल्क का निर्धारण कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर करने की मांग की थी। मौजूदा अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में कोल्ड स्टोरेजों पर 70 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री श्री सैनी ने स्टोरेज संचालकों के अनुरोध को मानते हुए कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क के निर्धारण करने का निर्णय लिया है।

## चकबंदी कार्यों का निरीक्षण करें एसडीएम: उपायुक्त महावीर कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में चकबंदी के कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में जिला के विभिन्न गांव में की जा रही चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। महावीर कौशिक ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले गांव में चकबंदी के कार्यों का जायजा लेंगे और इस बारे हर 15 दिन में बैठक आयोजित करके प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में उपायुक्त महावीर कौशिक ने चकबंदी के कार्य में लगे सहायक चकबंदी अधिकारियों से एक-एक कर-के प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चकबंदी के कार्य को पूर्ण गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी व पटवारी आदि मौजूद थे।

## नगर पालिका खरखौदा चुनाव में वार्ड सदस्यों के लिए अलग-अलग वार्डो से प्राप्त हुए कुल 10 नामांकन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**खरखौदा (सोनीपत), 14 फरवरी।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका खरखौदा चुनाव के लिए 10 नामांकन प्राप्त हुए है। वार्ड नम्बर 2 से 03 नामांकन, वार्ड नम्बर 5 से 01 नामांकन, वार्ड नम्बर 8 से 01 नामांकन, वार्ड नम्बर 9 से 01 नामांकन, वार्ड नम्बर 12 से 01 नामांकन, वार्ड नम्बर 14 से 01 नामांकन तथा वार्ड नम्बर 16 से 02 नामांकन दाखिल हुए। उपायुक्त ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक चलेगी। (16 फरवरी को अवकाश रहेगा)। नामांकन पत्रों की जांच 18 को होगी। जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है।

## आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए शिकायत सेल स्थापित: एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी विरेन्द्र सिंह

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** नगर पालिका सिवानी आम चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए शिकायत सेल की स्थापना की गई है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सिवानी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि नगरपालिका सिवानी के आम चुनाव दो मार्च को होंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार सहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका कार्यालय सिवानी में शिकायत सेल की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का निपटान करने के लिए अर्जुन नाथ कनिष्ठ अभियन्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ शिकायत सैल में कम्प्यूटर ऑपरेटर सोमबीर सिंह की ड्यूटी लगाई गई है, जिसका मोबाइल नंबर 9992114046 है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** भगवान परशुराम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जिसमें बेस्ट कैडेट बॉयज का इनाम शैंकी और बेस्ट कैडेट गर्ल्स का इनाम लवप्रीत को मिला। कैंप कमांडर शीतल और गुरप्रीत रहे। कैंप के दौरान छात्रों को आत्मनिर्भरता, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि रायसिंह ने सेल्फ-एंप्लॉयमेंट स्कीम्स के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि विद्यार्थी मधुमक्खी पालन, मशरूम फार्मिंग, कंपोस्ट मेकिंग जैसे शॉर्ट-टर्म कोर्स करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने फाइनेंशियल लिटरेसी पर भी चर्चा की, जिससे छात्र आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। डॉ. प्रवीण शर्मा ने जेंडर सेंसिटाइजेशन पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने लैंगिक समानता और भेदभाव को खत्म करने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल ने मेधावियों को किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद, 14 फरवरी।** डिवाइन पब्लिक स्कूल के सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह किया गया। इस समारोह में स्कूल प्रबंधक डॉ गुरदीप सिंह हेयर ने कक्षा दूसरी से कक्षा आठवी के टापर्स को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढाय़ा। प्रधानाचार्या राजिन्द्र खुब्बर व उपप्रधानाचार्य मनीश मलिक ने प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होनें कक्षा दूसरी के 22, कक्षा तीसरी के 25, कक्षा चौथी के 51, कक्षा पांचवी के 60, कक्षा छठी के 47, कक्षा सातवी 48 और कक्षा आठवीं के 32 छात्र छात्राओं, उनके अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# श्री श्याम बगीची धाम का तीसरा स्थापना महोत्सवः

## 7वें दिन गंगा आरती, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन- छोडेंगे ना तेरा साथ बाबा मरते दम... भजन पर झूमे श्रद्धालु








**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 14 फरवरी।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के तीसरे 12 दिवसीय स्थापना महोत्सव के 7वें दिन बृहस्पतिवार को गंगा आरती, भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया।
मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बाबा श्याम का दरबार कोलकाता से मंगवाए गए फूलों से भव्य रुप से सजाया गया। शम को जयदेव सहदेव ट्रस्ट के प्रधान ललित जैन ने पूजा अर्चना में भाग लिया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई व बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्जवलित की गई। इससे पूर्व यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम जी महाराज के सानिध्य में महा आरती की गई। महाराज श्री के साथ आए ब्राह्मणों ने पूरे विधि विधान से आरती की। आरती को देख कर गंगा घाट की आरती की अनुभूति हुई। राजेंद्र गनेरीवाला ने सदैव की भांति गणेश वंदना और हनुमान चालीसा से भजन संध्या का आगाज किया। गनेरीवाला ने भजन- मां अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे, बाबा तेरी कृपा से सांसे मेरी चलती है, श्याम बगीची आजा प्यारे सारे काम छोडकर सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद मध्यप्रदेश इंदौर से आए भजन गायक शिवम रावल ने बाबा श्याम के श्री चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। शिवम रावल ने भजन-श्रृंगार तेरो बाबा किसने सजाया है, वीर हनुमाना अति बलवाना, कीर्तन की है रात बाबा आज थाणै आणे है, तेरे बिना श्याम हमारा कोई नहीं सहारा, मन की बातां आज सांवरिय नै सुना के देख ले, मेरी बिगड़ी बनाने वाला मेरा श्याम सांवरा, छोडेंगे ना तेरा साथ बाबा मरते दम तक सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। श्यामप्रेमियों ने नाच गाकर बाबा श्याम को रिझाया। रात को सवा सात बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

# सड़क के निर्माण का शिलान्यास करवाने गए, सड़क पर मिला सीवर का पानी

## पहले नालों व चबूतरे तुड़वाए, पानी की निकासी का कराया स्थाई समाधान। अतिक्रमण बन रहे है नालों की पानी की निकासी में रोड़ा: भवानी प्रताप

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** शुक्रवार को नगरपरिषद की पूरी टीम चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह की अगुवाई में बावड़ी गेट इलाके में सड़क के कार्य का शुभारंभ करवाने पहुंची, लेकिन वहां पर सीवर के ओवरफलो होने से सड़क पर दो से ढाई इंच तक पानी जमा था। जिसके चलते सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने से पहले चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने अतिक्रमण व लोगों द्वारा डाली गई मिट्टी से अवरूद्ध नाले को खुलवाया। इसके अलावा नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। यहां पर करीब दो से ढाई घंटे तक अतिक्रमण व नाले की सफाई का कार्य जारी रहा। यह कार्य मुक्कमल होने के बाद ही सड़क के निर्माण का कार्य शुरू हो पाएगा। दूसरी तरफ चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने लोगों से नाले व सड़कों पर अतिक्रमण न करने की गुजारिश की और कहा कि अतिक्रमण से ही बरसाती व शहर के गंदे पानी के लिए बनाए गए नालों की सांसे बंद हो जाती है। उन्होंने घर के आगे नाले को खुला या फिर उसकी सफाई की जिम्मेदारी खुद लेने का



आहवान किया। ताकि गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले अवरूद्ध न हो।
बताते है कि चंद्रगिरी स्कूल बावड़ी गेट इलाके में आज एक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करवाया जाना था। जिसके लिए सारी तैयारी पूरी की जा चुकी थी। मौके पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व नगरपरिषद का पूरा अमला पहुंचा तो वहां पर सीवर से निकलने वाला पानी सड़क पर फैला हुआ था। पानी देखकर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवान प्रताप सिंह ने सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करवाने से पहले नाले की व्यवस्था सुधारवाने में जुट गया। उक्त इलाके के नालों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की वजह से अटे हुए है। कई जगहों पर लोगों ने नालों में मिट्टी भी डाल दी। जिसके चलते शहर से निकलने वाला गंदा पानी मेन होल तक जाने की बजाए सड़कों पर फैलने लगा है। उसी वक्त चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने जेसीबी मशीन मंगवा कर नाले पर बनाए गए अवैध रूप से चबूतरों को तुड़वाया और नालों की सफाई का कार्य शुरू करवाया। उनका तर्क था कि जब तक पानी की निकासी की सही व्यवस्था नहीं हो जाती। तब तक सड़क का निर्माण करवाया जाना सही नहीं है।

**नालों पर संगमरमर के चबूतरों से बढ़ी समस्याः भगवानदास**

बावड़ी गेट इलाका निवासी एवं समाजसेवी भगवान दास कालिया ने बताया कि जिस सड़क का निर्माण कार्य आज शुरू करवाया जाना था। उस सड़क के साथ बने नालों का पानी सड़क पर जमा होने से कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त नाले पर अनेक जगहों पर लोगों ने संगमरमर के चबूतरें बनाए हुए है। जिस वजह से नालों की सफाई ही नहीं हो पा रही है। उनमें अनेक जगहों पर शिल्ट जमा है। कई लोगों ने नाले पर अतिक्रमण किया हुआ है। उक्त समस्याओं के चलते नालों का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। जब तक अतिक्रमण व चबूतरें नहीं हटेंगे, तब तक नालों का पानी आगे नहीं निकल पाएगा।

**क्या कहते है चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप**

चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शहर के लोगों से गुजारिश की कि वे नालों, सड़कों व गलियों में अतिक्रमण न करे। इनसे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले व नालियां अवरूद्ध होते है। जिससे शहर से निकलने वाला गंदा पानी मेनहोल तक पहुंचने की बजाए सड़क व गलियों में फैलने लगता है। जिससे आमजन को अच्छी खासी परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि इससे शहर के सौंदर्यकरण को भी ग्रहण लगता है। साथ में शहर व बाजार के रास्तें भी तंग होते है। उन्होंने शहर के लोगों से अतिक्रमण हटवाने में सहयोग करें। ताकि शहर को साफ व सूथरा बनाया जा सके।

## वर्कशॉप का किया आयोजन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एडीआर सैंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोष अधिनियम) विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके तहत सभी को पोष एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस वर्कशॉप में पुलिस विभाग, उपायुक्त आफिस, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

## नगर पालिका चुनाव के लिए आज शुक्रवार को प्राप्त हुए दो नामांकन पत्र: रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार- कहा, नामांकन पत्र लेने के लिए अंतिम तिथि 17 फरवरी



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**बवानी खेड़ा/भिवानी, 14 फरवरी।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि आज शुक्रवार को नगर पालिका वार्ड पार्षद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। जिसमे वार्ड नं 10 बीसी ए वर्ग में एक तथा वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति वर्ग में एक नामांकन पत्र हुआ है। श्रीमती मनीषा ने वार्ड नम्बर 10 से और श्रीमती सुमन लता ने वार्ड नम्बर 12 अपना पर्चा दाखिल किया है।
रिटर्निगं अधिकारी ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्य दिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 03 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं, वहीं 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। आगामी 02 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

## प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान: विधायक घनश्याम सर्राफ, पुलवामा शहीदों की याद में आईटीआई में लगा छटा रक्तदान शिविर



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पुलवामा शहीदों की स्मृति में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्री सर्राफ ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी का भी जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं। प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने छात्रों से कहा कि वे निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समय समय पर रक्तदान करने से हमारा शरीर तंदुरुस्त रहता है। उन्होंने बताया कि शिविर में आईटीआई स्टाफ सहित विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं न रक्तदान किया। इस दौरान 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवाया और आवश्यकता अनुसार 45 यूनिट रक्त लिया गया। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों के तौर पर फौजी असलापुर भाजपा महासचिव हरियाणा हनुमान कौशिक, अशोक कुमार मौलाहेड़ी, दीपक यादव, विकास भारद्वाज एवं हर्षवर्धन मान उपस्थित थे। कैंप के संचालन में अनुदेशक जेपी श्योराण जिला प्रधान ट्रेनर एसोसिएशन, रजनीश, सुमित कुमार जिला प्रधान बीजेपी समर्थक दल, सुनील सांगवान छपार, सुनील जांगड़ा सुई एवं रविंद्र जांगड़ा का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर शिविर में आईटीआई भिवानी के समस्त स्टाफ एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

# पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के महामंडलेश्वर बने स्वामी दिनेशानंद जी महाराज

## महामंडलेश्वर बनाए जाने पर स्वामी दिनेशानंद जी महाराज का अभिनंदन समारोह कल

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 14 फरवरी।** पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन द्वारा भिवानी के पूर्व विधायक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी भगवान देव परमहंस के शिष्य महंत स्वामी दिनेशानंद जी महाराज को पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन का महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद छोटी कांशी भिवानी पहुंचने पर 16 फरवरी को अखिल भारतीय धर्मसभा, लघु काशी संत एवं विद्वत सभा, श्रीऋषि प्रकाश शर्मा सेवा न्याय ट्रस्ट द्वारा उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डा. मुरलीधर शास्त्री, मुकेश रहेजा व मदनलाल शर्मा ने बताया कि महंत स्वामी दिनेशानंद जी महाराज को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर वे पहली बार 16 फरवरी को स्थानीय हांसी गेट स्थित चित्रकूट सत्संग भवन में पहुंचेंगे।



इस दौरान उनका भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वामी दिशेनांद महाराज को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर ना केवल संत समाज, बल्कि छोटी काशी के लोगों में खुशी है तथा वे इस समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा संतों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लोग नैतिक, सेवा और आध्यात्मिकता की ओर बढ़ते है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त महाबीर कौशिक, एसडीएम महेश कुमार व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डा. वीपी यादव भी मुख्य तौर पर पहुंचेंगे। वही अभिनंदन समारोह को सफल बनाने में बार एसोसिएशन भिवानी, पंजाबी सभा, मैडिकल एसोसिएशन, रामकुंज, जीयोगीता, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, ब्रह्मचारी आश्रम, ब्राह्मण सभा, भारत विकास परिषद, बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गौशाला ट्रस्ट, ब्राह्मण विकास परिषद, सांस्कृतिक मंच, समाजसेवी शिवरत्न गुप्ता, आदर्श कॉलेज, नवदुर्गा, पंजाबी जागृति मंच, संस्कार भारती, श्याम प्राचीन मंदिर, व्यापार मंडल, चाणक्य मंच भिवानी, विप्र फाउंडेशन जिला भिवानी, आदर्श ब्राह्मण महासभा भिवानी, लोकसेवा पंचायत समिति आदि भी विशेष सहयोग रहेगा।

# अमृत सरोवर को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित : प्रभाकर कुमार वर्मा


## प्रभाकर कुमार वर्मा ने किया समानी गांव में तालाब का निरीक्षण


**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 14 फरवरी।** हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन के प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के गांव समानी में तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार प्रथम चरण में एक तालाब के निर्माण कार्य को पूरा किया जा चुका है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। अब दूसरे चरण में गांव के तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में विकसित किया जाएगा, इस परियोजना के लिए सरकार ने करीब 3 करोड़ रुपए का बजट भी पारित किया है। प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा शुक्रवार को देर सायं गांव समानी व झिरबड़ी में तालाब का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इससे पहले प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा, पंचायती राज विभाग के चीफ इंजीनियर यशवीर सिंह, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता अमन ने गांव समानी में प्रथम चरण में बनाए गए अमृत प्लस प्लस तालाब का अवलोकन किया। इसके उपरांत साथ लगते दूसरे तालाब का निरीक्षण किया। यहां पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गंदे पानी की निकासी को रोका जाए और पानी का ट्रीटमेंट करने के उपरांत ही तालाब में डाला जाए। प्रधान सलाहकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को जल्द से जल्द पूरा किया



जाना है, इसलिए तालाब की मिट्टी को निकाला जाए, चारों तरफ फिरनी बनाई जाए और गंदे पानी की निकासी को रोका जाए तथा पानी का ट्रीटमेंट करने के बाद ही तालाब में डाला जाए।
प्रधान सलाहकार ने कहा कि हरियाणा पौंड अथॉरिटी की तरफ से गांव समानी के 2 तालाबों को अलग-अलग चरण में विकसित करने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव के लिए सरकार की तरफ से 3 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। इस गांव के एनएच-44 पर स्थित तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है और अब दूसरे चरण में गांव के अंदरूनी तरफ तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस जगह पर काफी संख्या में विदेश पक्षी रहते है, इसलिए इन पक्षियों को देखते हुए इस तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में तैयार किया जाएगा। इस तालाब के चारों तरफ फलदार पेड़ लगाएं जाएंगे और रात को रोशनी के लिए सोलर लाईटस लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बैठने के लिए बैंच सहित अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस तालाब के चारों तरफ मार्ग तैयार किया जाएगा ताकि लोग सुबह और सायं के समय में सैर कर सके। सरकार की योजना है कि इन दोनों तालाबों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। यह तालाब जीटी रोड एनचएच 44 पर स्थित है। इसलिए पर्यटन की आपार संभावनाएं है। इस मौके पर पौंड अथॉरिटी से आशुतोष और पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...





अगर आप सर्दी और क्रिसमस के दौरान विदेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...। सर्दी और क्रिसमस की छुट्टियां निकट हैं। छुट्टियों के दौरान अक्सर लोग पर्वतीय, बर्फीले या समुद्री इलाकों में घूमना पसंद करते हैं, तो कुछ परंपरागत लोगों को वाइल्ड लाइफ और कुदरती खूबसूरती से भरे क्षेत्रों में फुर्सत के पलों को बिताना अच्छा लगता है। ऐसे में अगर विदेश में घूमने की प्लानिंग है, तो न्यूजीलैंड परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां बर्फीली चोटियां, झरने, द्वीप, अंगूर के बगीचे, लाल लकड़ियों वाले घने जंगल और दूर तक फैली समुद्र तट सब कुछ हैं।

यहां के नजारे आपको किसी स्वप्न लोक का एहसास कराएंगे। आइए, यहां के कुछ खुशनुमा पर्यटन स्थलों से आपको रूबरू कराते हैं... रोटोरुआ न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप स्थित रोटोरुआ अपनी कुदरती खूबसूरती की वजह से एक रहस्यमयी धरती है और आठवें अजूबे के रूप में दुनियाभर में लोकप्रिय है। इस स्थल को वर्ल्ड हेरिटेज का दर्जा भी हासिल है। यहां जमीन के अंदर से हर समय निकलते गर्म पानी के बुलबुलों को काफी उत्सुकता से लोग देखते हैं।

जमीन के गर्म पानी में वार्मबाथ लेने के लिए सैलानियों में यह क्षेत्र खूब लोकप्रिय है। इस जगह के कई और भी आकर्षण हैं। अगर आप यहां आएं, तो फ्लोटप्लेन और जेट बोटिंग का आनंद जरूर उठाएं। कंक्रीट के बने रनवे की बजाय पानी के ऊपर से ही ये प्लेन उड़ान भरते हैं। फिर सैलानियों को रोटोरुआ की हवाई सैर कराते हैं। ऊपर से शहर का प्राकृतिक नजारा देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। एडवेंचर के शौकीनों को भी यहां करने के लिए बहुत कुछ है, इनमें माउंटेन बाइकिंग, स्काई डाइविंग सैलानियों को खूब पसंद आती है।

अनुपम हैं प्राकृतिक नजारें-- नेपियर न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन से 320 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस शहर को माओरी भाषा में अहुरिरी कहा जाता है। यहां का हॉक्स बे इलाका पहाड़, समुद्रतट, बंदरगाह और हवाई अड्डे के कारण पर्यटन का मुख्य केंद्र है। लोग यहां दशकों पुरानी आर्ट डेको वास्तुकला को भी निहारने आते हैं। यहां का मियामी बीच काफी चर्चित है। खाने के शौकीन लोग अक्सर यहां खिंचे चले आते हैं, क्योंकि वाइन और फूड के लिए नेपियर काफी मशहूर है।

ऑकलैंड समुद्र तटों का आनंद उठाने के लिए ऑकलैंड बेहतरीन जगह है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण पानी के भीतर का सैर है। सैलानी इस यादगार लम्हे का लुत्फ उठाने से नहीं चूकते। चाहें तो यहां के नाइंटी माइल बीच पर गोताखोरी के साथ-साथ डॉलफिन मछलियों के साथ तैराकी का मजा भी ले सकते हैं। समुद्रतटों पर बने रिसॉर्ट में ठहरने का भी अपना एहसास है। यहां की रंगारंग पार्टियां, कसीनो, हॉट एयर बैलूनिंग, घुड़सवारी, बच्चों का एडवेंचर पार्क, क्लॉक म्यूजियम, काऊ वर्ल्ड पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं। ऑकलैंड खरीदारी के लिए भी अच्छी जगह है। यहां कई फेमस रेस्टोरेंट और दुकानें हैं।

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप



हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं।

ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे। तो आइए जानते हैं उन जगहों के बारें में जहां पर आप प्री वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**मंडावा-** अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

**बूंदी -** राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

**शेखावाटी एरिया-** आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

**रणकपुर-** रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**भरतपुर-** राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

**खिमसर-** दरअसल, यह गांवनुमा एक रिजॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

**कुंभलगढ़-** कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द जलि में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

**भैंसरोड़गढ़-** कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# सफर के दौरान इन चीजों का सेवन हो सकता है हानिकारक

लंबी छुट्टियों के दौरान हर कोई पूरे परिवार के साथ कहीं न कहीं घूमने जाने का प्लान बनाता है। गर्मियों की छुट्टी हो या वेकेशन हिल स्टेशन जाने का अपना ही मजा होता है। कई लोग सफर के दौरान गाने सुनते हैं तो कोई किताब पढते हैं तो कोई आराम करते हैं। सफर के समय भूख लगना एक बहुत ही जाहिर सी बात हैं। हम घर से काफी सारी चीजे लेकर जाते हैं सफर के लिए लेकिन सफर में हम और चीजें भी खरीद लेते हैं। जिससे कई लोगों को सफर के दौरान उल्टी, जी मचलने की, सर घूमने की शिकायत रहती है और ऐसा होने पर सफर का मजा फीका पड़ जाता है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि सफर में कि चिजों का सेवन हानिकार साबित हो सकता है।

**तला हुआ खाना -** ध्यान रहे कि सफर में कभी भी आप तले हुए खाने का सेवन ना करें ऐसा करने से आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता हैं। ट्रेन से यात्रा के दौरान कई बार स्टेशन पर समोसे, कटलेट जैसी चीजें मिलती हैं। इन्हें देखकर मन ललचाने लगता है और हम भूख न लगने पर भी इनका सेवन कर लेते हैं। बाहर खुले में बिकने वाली इन चीजों को यात्रा के दौरान खाने की गलती न करें।

**नॉन वेज -** अगर आप सफर के दौरान नॉन वेज खाते है तो वह आपके पेट के लिए सही नहीं है क्योंकि नॉन वेज काफी हेवी होता हैं और उसे पचने मे काफी समय लगता हैं और सफर में हम सिर्फ बैठे रहते है और हम ज्यादा हिल डुल नहीं सकते है जिससे नॉन वेज पच नहीं पाता हैं। इसलिए ध्यान रहें कि आप सफर के समय में हल्की चीजों का सेवन करें।

**दूध अंडा -** दूध और अंडा भी काफी भारी होते हैं हमारे पेट के लिए और इन्हें पचने में काफी समय लगता हैं तो अगली बार जब भी आप सफर करें तो ध्यान रहें कि आप दूध और अंडे का सेवन ना करें ताकी आपकी सेहत को कोई नुकसान ना हों और आपका सफर अच्छे से बीते।

**केले के चिप्स -** सफर के दौरान आप सूखे केले के चीप्स खा सकते हैं। ये आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। इसके अलावा एक मुट्ठी बादाम, भूने हुए चने, पिस्ता, सूखे कॉर्नफ्लेक्स और मूंगफली को हल्का सा सरसों के तेल या ऑलिव ऑयल में फ्राई करके पैक करके रख लें। इनके अलावा आप सेब और केले का सेवन भी कर सकते हैं।

# नवविवाहित जोड़ों के लिए ये हैं 5 सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशंस

अपने पार्टनर के साथ कुछ पल अकेले गुजारना चाहते हैं तो ट्रैवलिंग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। खासकर न्यूली वेड्स के लिए तो ऐसा करना बेहद यादगार हो सकता है। यहां है कुछ खास रोमांटिक डेस्टिनेशंस की लिस्ट, जहां आप अपने स्पाउस के साथ जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**पॉन्डिचेरी-** 1499 में वास्को डी गामा ने इसे डिस्कवर किया था। पॉन्डिचेरी या पुडुचेरी दुनिया की सबसे ज्यादा रोमांटिक डेस्टिनेशंस में से एक है। यहां के फ्रेंच कोलोनियल बिल्डिंग्स और खूबसूरत चर्च देखने लायक हैं। होटल कोरामंडल हेरिटेज में आप एक आरामदायक स्टे कर सकते हैं। इसके अलावा प्रोमेनेड और ले रॉयल पार्क भी अच्छे होटल साबित होंगे। स्वाद का आनंद उठाना चाहते हैं तो कैफे जटासी, सत्संगा, बेकर स्ट्रीट बेस्ट है। पॉन्डिचेरी जाएं तो प्रोमेनेड बीच, पैरेडाइज बीच, ऑरोविल बीच, सेरेनिटी बीच बिलकुल भी मिस नहीं करें।

**वेनिस-** इटली का वेनिस भी दुनिया की बेहद रोमांटिक जगह में शामिल है। यहां के खूबसूरत कैनाल इस जगह के चार्म और मूड में चार चांद लगा देते हैं। ग्रिटी पैलेस, कार्निवल पैलेस और मोरेस्को जैसे होटल, वेनिस में रहने के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं। कैनाल में एक शानदार बोट-राइड न्यूली-वेड्स के लिए यादगार साबित होगी। ये गोंडोला राइड्स के नाम से मशहूर हैं। कैनाल के अलावा पियाजा सैन मार्को भी जरूर देखें। यहां के ला जुका, रिवेरिआ और अल मेरका जैसे रेस्ट्रॉन्ट्स भी बेहद पसंद आएंगे। कुलमिलाकर प्यार को सेलेब्रेट करने के लिए वेनिस से अच्छी जगह नहीं होगी।

**बोरा बोरा-** बोरा बोरा को परफेक्ट लवर्स पैरेडाइज भी कहा जा सकता है। ये न्यूलीवेड्स के लिए आदर्श हनीमून डेस्टिनेशन है। यहां का माहौल किसी सपने जैसा महसूस होता है। ऐसा लगता है मानो आप दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। एक कोजी स्टे के लिए आप होटल ले मेरीडियन, होटल मैटेयी और ब्लू हेवन आइलैंड ट्राय करें। रेस्ट्रॉन्ट्स में ला विला महाना, द लकी हाउज और ते पहु में शानदार मील्स लिए जा सकते हैं। यहां का सनसेट आप अपने पार्टनर के साथ खूब एन्जॉय करेंगे।

**पैरिस-** खुद को एक परफेक्ट रोमांटिक फैंटेसी में देखना चाहते हैं तो पैरिस से अच्छा कुछ नहीं। यहां के होटल रेसिडेंस फो, एक्रोपोल और शांग्रीला में रोमांटिक और बेहद आरामदायक स्टे किया जा सकता है। इस सिटी में अपने पार्टनर का हाथ पकड़कर पैदल घूमने का अलग ही मजा है। नोट्रे डेम या आइकॉनिक एफिल टॉवर में पिक्चर्स क्लिक करवाएं। पैरिस का माहौल आपकी मैरिड लाइफ में काफी रस घोल सकता है।

**कॉटसवोल्डस-** इंग्लैंड का कॉट्सवोल्डस हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां आपको बहुत प्रिवेसी मिलेगी और साथ ही फिशिंग, स्विमिंग और बोटिंग एन्जॉय करने का वक्त भी मिलेगा। कॉट्सवोल्ड्स में ओल्ड स्टॉक इन, मेटाइम इन और बार्न्सले हाऊस में स्टे करें और यहां के अद्भुत व्यू का आनंद उठाएं। वारविक कासल, एवॉन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे लैंडमार्क्स बिलकुल मिस नहीं करें। सबसे अच्छा खाना खाने के लिए ल्युमिएर, ग्रेप एस्केप और डिनर एट सिक्स जाएं। इस जगह की हरियाली आपके अंदर के नेचर लवर को बाहर निकाल कर ले आएगी। यहां के पार्क में एक रोमांटिक पिकनिक करें। ये आपकी यादों में हमेशा बनी रहेगी।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।